# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024




'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' से सम्मानित

## पीएम मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान

मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में उनके योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति पुतिन ने क्रेमलिन में सेंट एंड्रयू हॉल में एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया।

### पीएम बोले- यह भारतीयों का सम्मान

मोदी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, मुझे रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

# हरिभूमि की खबर रंग लाई, 2000 करोड़ रुपए में भी स्कूलों का जतन क्यों नहीं हुआ, खुलेंगी परतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चलाई गई स्कूल जतन योजना में भ्रष्टाचार की परतें अब खुलेंगी। खास बात ये है कि हरिभूमि ने पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित रिपोर्ट में इस योजना के तहत हुई गड़बड़ी, लेटलतीफी और जमीनी हकीकत से संबधित खबर दी थी। इस मामले में अब स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने राज्य के सभी कलेक्टरों को जांच का आदेश दिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में इस मामले पर विचार करते हुए जांच कराने की बात ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कई बिंदुओं के आधार पर मांगी गई रिपोर्ट

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने इस संबंध में कलेक्टरों को भेजे गए पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए विभाग द्वारा पूर्व में राशि जारी की गई थी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शासन को शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कलेक्टरों को सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति की जांच कराने के निर्देश तथा गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस शासन में स्कूलों की मरम्मत, देखरेख के लिए दिए गए थे पैसे, इसके बावजूद थोक में जर्जर स्कूल



### स्कूलों की स्थिति सुधारने के निर्देश



प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सभी जर्जर स्कूलों की स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले 5 वर्षों में स्कूलों के हालात बद से बदतर हो गए। मुख्यमंत्री पद की लड़ाई में प्रेमसाय सिंह के विभाग की अनदेखी की गई। भाजपा सरकार स्कूल शिक्षा विभाग को प्रथम श्रेणी में रखती है।






साय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूरे राज्य में पूर्ण रूप से लागू

# आर्म्स फोर्स की भर्ती में स्थानीय को पांच साल छूट, जेम से होगी सरकारी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्णतः लागू करने समेत सरकारी खरीदी जेम पोर्टल से करने व आर्म्स फोर्स में भर्ती के लिए स्थानीय को पांच साल की छूट का निर्णय लिया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से 12वीं तक सबको शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। इस नवीन शिक्षा नीति के तहत समतामूलक और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के साथ ही प्रचलित शैक्षणिक संरचना 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 लागू किया गया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नवा रायपुर में गरीब को मकान

नवा रायपुर में आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न वर्ग के परिवारों को आवास मुहैया के लिए पंजीयन की तिथि में तीन वर्ष की वृद्धि कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नवा रायपुर में आवासों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें हितग्राहियों को न्यूनतम मूल्य में आवास प्रदान करने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों को यथावत रखते हुए आवासों के पंजीयन की तिथि को 31 मार्च 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से अभी तक रिक्त मकानों के पंजीयन की संभावनाओं में वृद्धि होगी।





### वनाधिकार पट्टा-वारिसानों को मिलेगा अधिकार

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण राजस्व या वन अभिलेखों में दर्ज करने संबंधित कार्यवाही के लिए प्रक्रिया प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे भविष्य में नक्शा का जिओ रिफ्रेंसिंग होने से भूखण्ड का आधार नंबर भी लिया जाएगा। इसका उपयोग नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि में किया जाएगा।

### नौकरी के लिए आयु में छूट

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अनारक्षित वर्ग को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिए 5 वर्ष की छूट एवं आरक्षित वर्ग को पहले से 5 वर्ष की आयु शिथिलीकरण के अतिरिक्त, एक बार के लिए, निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की और छूट प्रदान की जाएगी।

### अब जेम पोर्टल से होगी खरीदी

कैबिनेट ने सीएसआईडीसी के माध्यम से खरीदी में भ्रष्टाचार की शिकायतों को देखते हुए इसके सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट को जुलाई माह के अंत तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती सरकार ने जेम पोर्टल से खरीदी पर रोक लगा दी थी। अब जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था को फिर से बहाल कर शासकीय सामग्री की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के सभी विभाग आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाएं, जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हों, का क्रय जेम वेबसाइट से नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया पालन कर करेंगे।

आईसीसी अवॉर्ड्स के इतिहास में भारत का डबल धमाका

# बुमराह और मंधाना जून महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ते हुए जून महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया। बुमराह ने इस मामले में ना सिर्फ रोहित, बल्कि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पीछे छोड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना विजेता बनकर उभरीं। बुमराह ने हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में 15 विकेट झटके थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। इस 30 वर्षीय गेंदबाज ने वैश्विक टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया था।

### मंधाना बोलीं- गर्व महसूस हो रहा

मंधाना ने कहा, मुझे जून महीने का आईसीसी के महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने पर गर्व महसूस हो रहा है। जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया और उसमे मेरा जो योगदान रहा, उससे मैं काफी खुश हूं।

### यह मेरे लिए विशेष उपलब्धि

*बुमराह ने आईसीसी के हवाले से कहा, मैं जून महीने का आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड जीतकर काफी अभिभूत हूं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में यादगार दिनों के बाद यह मेरे लिए विशेष उपलब्धि है। एक टीम के रूप में हमारे पास जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है और मुझे इस उपलब्धि पर काफी खुशी हो रही है।*

### गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए हेड कोच



भारतीय क्रिकेट टीम को नया हेड कोच मिल गया है। बीसीसीआई गौतम गंभीर को हेड कोच बनाने की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर राहुल द्रविड़ की जगह भारत के हेड कोच बनेंगे। 42 साल के गंभीर 2007 और 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। इसके साथ ही उनके मेंटरशिप में केकेआर ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। उनकी कप्तानी में कोलकाता दो बार आईपीएल चैंपियन भी बन चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सौम्या की याचिका पर सुनवाई 4 हफ्ते बढ़ी

**बिलासपुर।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की याचिका पर सुनवाई 4 सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब देने के लिए 4 हफ्ते का समय दिया है। गौरतलब है कि अपने खिलाफ दर्ज मामले को खत्म करने के लिए सौम्या चौरसिया ने यह याचिका लगाई है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई चल रही है।

### उड़ान भरने के बाद निकला विमान का पहिया

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।



### तीन की सामूहिक अवकाश पर तहसीलदार नायब तहसीलदार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पटवारियों के बाद अब तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। राज्य के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के बैनर तले उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंप कार्यालय में सुरक्षा देने समेत 7 सूत्रीय मांगें रखी हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चित-कालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

कांग्रेस सरकार के समय से लंबित था मामला, जनवरी 2021 से ही मिलेगी पदोन्नति

## लंबे इंतजार के बाद टोप्पो को पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश सुकुमार टोप्पो को राज्य शासन ने सचिव पद पर पदोन्नति दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने पदोन्नति का आदेश जारी किया है। जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) राजेश सुकुमार टोप्पो को विष्णुदेव साय सरकार ने उन्हें 1 जनवरी 2021 से सचिव पद पर पदोन्नत किया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार में राजेश टोप्पो को न तो पदोन्नति दी गई और न ही कहीं पोस्टिंग मिली, जबकि उन्हें 1 जनवरी 2021 से प्रमोशन मिलना था। ▶▶| शेष पेज 4 पर



कंपनी का हार्ड ड्राइव जब्त, इसी से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की हुई थी छपाई

# शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने अनवर ढेबर के ग्राम धनेली स्थित खेत में भारी मात्रा में अधजले नकली होलोग्राम जब्त किया था। इस मामले में आगे जांच करते हुए ईओडब्ल्यू ने अब प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में ईओडब्ल्यू को नकली होलोग्राम से संबंधित कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। ईओडब्ल्यू की टीम ने नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन के ऑफिस के भूतल कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े इंडस्ट्रियल कम्प्यूटर का हार्ड ड्राइव जब्त किया है, जिसके माध्यम से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी। टीम ने इन सबूतों की वीडियोग्राफी भी कराई है, ताकि जरूरत पड़ने पर कार्रवाई का साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किया जा सके।



ईओडब्ल्यू की ओर से एक प्रेस नोट जारी किया गया है, जिसमें आबकारी घोटाले में डुप्लिकेट होलोग्राम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नकली होलोग्राम के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी मिले

ईओडब्ल्यू टीम को इस मामले में फिल्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय से लीकेट होलोग्राम छपवा कर रायपुर तक परिवहन के लिए उपयोग में आने वाले दस्तावेज भी मिले हैं, जिसमें डुप्लिकेट होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे। ये दस्तावेज आरोपी दिलीप पांडे से पूछताछ में मिली जानकारी पर बरामद किया है। इन दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान इस बात की पुष्टि हुई है कि सिण्डीकेट ▶▶| शेष पेज 4 पर






साय की कलम से ...

# प्रदेश में खोया भरोसा लौटा, आंखों में आई विश्वास की चमक

हरिभूमि खास

*आज छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के बाद यह बैठक थोड़े अंतराल पर हो रही है। इसमें प्रदेशभर के कार्यकर्ता आज राजधानी में बैठ कर पार्टी की उपलब्धियों का उत्सव मनाएंगे, रीति-नीति पर मंथन करेंगे। पिछले साल इन्हीं दिनों हमारे सभी कार्यकर्तागण पूरे प्रदेश में घूम-घूमकर कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ लोगों में अलख जगा रहे थे। उस समय महसूस होता था कि लोगों में गहरा गुस्सा है, उन्हें आवास नहीं दिये गये, उनके घर नलजल के कनेक्शन नहीं पहुंचे, उनकी कोई सुनवाई नहीं थी। सरकार का अहंकार अपने चरम पर था। पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। कार्यकर्ताओं ने तय कर लिया था- अब नई सहिबो बदल के रहिबो। तब के कुशासन के अंधेरे में जनता के बीच उम्मीद की किरण के रूप में 'मोदी गारंटी' सामने आई।*



*विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री*

*उसके बाद कार्यकर्ता बंधु-भगिनी पूरे उत्साह और कर्मठता से मोदी जी की गारंटी को जनता के बीच लेकर गये, फिर जो हुआ, वह छत्तीसगढ़ के इतिहास में सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। जब प्रदेश में हमारी सरकार आई तो पहली चुनौती जनता के भरोसे को कायम करने की थी। हमने शपथ लेने के अगले दिन से ही इस पर काम करना शुरू किया। 18 लाख परिवारों को हमने आवास देने का निर्णय लिया जो पांच बरस से आवास की बाट जोह रहे थे। मैंने बरसों तक पहाड़ी कोरवा जनजाति के रहवासियों के साथ काम किया है और जानता हूँ कि जशपुर की सर्दी-बरसात में घास-फूस के घरों में रहना कितना कष्टप्रद है। मुझे खुशी है कि हमारा पहला निर्णय इन्हीं के लिए हुआ।*

*छत्तीसगढ़ महतारी के धान का कटोरा किसान भाइयों के श्रम से भरपूर रहता है। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हमने 3100 रुपए में धान खरीदी की और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी भी की। 24 लाख 75 हजार किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य के रूप में 32, 000 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कृषक उन्नति योजना के 13 हजार 320 करोड़ रुपए भी किसान भाइयों के खाते में अंतरित की गई। यही नहीं 13 लाख किसान भाइयों के* ▶▶| शेष पेज 4 पर



# शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मां ने कहा

# अग्निवीर योजना गलत, राहुल गांधी की स्पीच सुने सरकार

*रायबरेली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने लोकसभा क्षेत्र रायबरेली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह और उनकी मां मंजू सिंह से मुलाकात की। राहुल से मुलाकात के बाद बाहर निकलीं शहीद कैप्टन अंशुमान की मां मंजू ने कहा कि अग्निवीर योजना बंद होनी चाहिए। इस पर राहुल ने उन्हें कहा कि लड़ाई लड़ते रहेंगे। अभी हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब रेजिमेंट की 26वीं बटालियन के आर्मी मेडिकल कोर के कैप्टन अंशुमान सिंह को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया था।*

### सेना में हो सभी का सम्मान

शहीद कैप्टन की मां ने कहा कि राहुल से मिलकर बहुत पॉजिटिविटी आई है। सरकार से उम्मीद है कि वो अग्निवीर पर राहुल की स्पीच सुने और उस पर विचार करे। मैं सरकार से निवेदन करूंगी कि फौज को दो तरह से न बांटे। फौज की ट्रेनिंग बहुत सख्त होती है। चार साल में सब खत्म हो जाएगा। पढ़ाई-लिखाई सब ब्रेक हो जाएगी। अग्निवीर में चार साल के बाद बच्चा क्या करेगा। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। सेना में सभी को सम्मान मिलना चाहिए। मंजू ने कहा कि उन्हें पक्ष और विपक्ष दोनों से सहयोग मिल रहा है। सरकार अच्छा काम कर रही हैं, लेकिन और बेहतर काम करना चाहिए।

- रायबरेली में कांग्रेस नेता ने शहीद कैप्टन के परिजनों से की मुलाकात
- फौज को दो तरह से न बांटने का किया निवेदन



### अग्निवीर पर संसद में भी बहस

संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भी राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना की मुद्दा उठाया था। उन्होंने इसे सैनिकों को अपमानित करने वाला भी कहा था। अग्निवीर योजना की तुलना राहुल गांधी ने ठेका मजदूरी से की थी। इसका विरोध रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तब संसद में ही किया भी था।

### पिछले साल हुई थी शहादत

कैप्टन अंशुमान सिंह जुलाई 2023 में शहीद हुए थे। उनकी तैनाती सियाचिन ग्लेशियर में 26 पंजाब बटालियन के 403 फील्ड में अस्पताल में रेजिमेंटल मेडिकल आफिसर पद पर हुई थी। सियाचिन ग्लेशियर में 19 जुलाई 2023 को बुधवार की सुबह ही करीब साढ़े तीन बजे भारतीय सेना के गोला बारूद बंकर में शॉट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। इस आग ने कई टेंट को भी चपेट में ले लिया था। आग लगने की वजह से उनके कई साथी बंकर में फंस गए। अपने साथियों के बचाने के लिए अंशुमान भी बंकर में कूद पड़े। अपनी जान की परवाह किए बिना अंशुमान ने तीन जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि इस हादसे में अंशुमान बुरी तरह से झुलस गए। उनको एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए चंडीगढ़ लाया गया, जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका और वह शहीद हो गए।

## खबर संक्षेप

### रमेश ने की पीएम मोदी पर एक्शन की मांग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। उन्होंने इस मांग को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पत्र भी लिखा है। दो जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा था- '2014 में (तत्कालीन) सभापति का झुकाव कुछ हद तक दूसरी तरफ था।' इसी पर रमेश ने आरोप लगाया है।

### केजरीवाल को जारी किया प्रोडक्शन वारंट



**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ दाखिल की गई सप्लिमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। यह प्रोडक्शन वारंट 12 जुलाई के लिए जारी किया गया है।

### आजम खान के रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के हमसफर रिज़ॉर्ट पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। यह कार्रवाई रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत के बाद की गई। कार्रवाई की वजह बताई गई कि रिज़ॉर्ट में खाद के गड्ढों की कुछ ज़मीन पर कब्जा था।

### कठुआ अटैक के पहले की गई थी रेकी

# आतंकवादियों को लोकल गाइड ने दिया खाना, छिपने में की मदद

*जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हुए हैं जबकि पांच जवान घायल हुए हैं। आतंकियों की खोजबीन के लिए सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। इस बीच सूत्रों के हवाले से पता चला है कि आतंकियों ने इस हमले को अंजाम देने से पहले इलाके की रेकी की थी। यह हमला ऐसे समय पर किया गया, जब सुरक्षाबल कठुआ के बडनोटा में तलाशी अभियान चला रहे थे। तभी आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों का कहना है कि बडनोटा गांव में रोड कनेक्टिविटी सही नहीं है। यहां वाहन दस से पंद्रह किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक की रफ्तार पर वाहन नहीं चला सकते। सूत्रों का कहना है कि कच्ची सड़क होने की वजह से सेना के वाहन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। दो से तीन आतंकी और कुछ स्थानीय गाइड पहाड़ियों के ऊपर हैं। आंतकियों ने पहले सेना के वाहनों पर ग्रेनेड फेंके और फिर फायरिंग की. यहां पहले हुए हमलों की तरह ड्राइवर को भी निशाना बनाया गया। सूत्रों का कहना है कि इलाके में रेकी के लिए स्थानीय गाइड ने आतंकियों की मदद की थी। इन गाइडों ने आतंकियों को खाना भी मुहैया कराया था और उन्हें पनाह दी थी। हमले को अंजाम देने के बाद इन स्थानीय गाइड ने आतंकियों को छिपने में भी मदद की थी।

**खास बातें**

- कश्मीर में हुए इस हमले में 5 जवान हुए हैं शहीद
- अटैक में पाकिस्तानी आतंकी शामिल
- अमेरिका में बने एम4 कार्बाइन राइफल किया गया था इस्तेमाल



**हमले में पाकिस्तानी आतंकी थे शामिल :** सूत्रों का कहना है कि इस हमले में पाकिस्तानी आतंकी शामिल थे। इन आतंकियों के पास अमेरिका में बने एम4 कार्बाइन राइफल, एक्सप्लोसिव डिवाइस और अन्य हथियार हैं। ऐसा भी लग रहा है कि आतंकी हमले के बाद बचकल भाग निकलने में कामयाब रहे।

### हमले में 2-3 आतंकी हो सकते हैं शामिल

देर रात तक सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को कोई सफलता नहीं मिल सकी। सर्च ऑपरेशन जारी है। जंगल के अंदर आतंकी हमले की सटीक जगह का पता लगाया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक हमले में 2 से 3 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उम्मीद है कि आतंकियों के साथ उनके स्थानीय समर्थक भी थे, जिन्होंने उन्हें रास्ता बताने में मदद की। आतंकियों का मकसद ज्यादा से ज्यादा जवानों को हताहत करने का था। वह अपने साथ अत्याधुनिक हथियार लेकर आए थे।

### पैरा कमांडो चला रहे सर्च ऑपरेशन

सेना के पैरा कमांडो (एसपीएल फोर्स) को कठुआ के दूरदराज के माचिन्डी-मल्हार क्षेत्र में हवाई मार्ग से उतारा गया है। उन्हें काउंटर ऑपरेशन में तैनात किया गया है। ताकि उन आतंकवादियों के खिलाफ समय पर प्रभावी काउंटर ऑपरेशन सुनिश्चित किया जा सके। जो आतंकवादी भाग रहे हैं और क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। उन पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

### राजौरी में सेना के शिविर पर आतंकी हमला

जम्मू कश्मीर के राजौरी में दो दिन पहले ही भारतीय सेना के शिविर पर आतंकवादी हमले का मामला सामने आया था। इस अटैक में आर्मी का एक जवान घायल हो गया था। आतंकवादियों ने सेना के शिविर पर गोलीबारी की थी। इस दौरान सतर्क सुरक्षा चौकी पर तैनात जवान भी ने आतंकवादियों पर गोलीबारी की थी। घटना के वक्त सेना का जवान घायल हो गया था। आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे थे। दूसरी ओर इस हमले के कुछ घंटों बाद ही चिनिगाम गांव में गोलीबारी की एक और घटना हुई थी। सेना को लश्कर ग्रुप के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद सुरक्षा बल उस क्षेत्र में पहुंच गए थे। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई थी।

# दिव्यांग जन कानून लागू करने में सरकार नाकाम

- सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए बैकलॉग रिक्तियां भरने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने 2009 में सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित अभ्यर्थी को तीन महीने के भीतर नियुक्ति देने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने दिव्यांग जन अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं करने तथा लंबित रिक्तियों को नहीं भरने के लिए केंद्र से अप्रसन्नता जताई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि दिव्यांग जन अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को तत्परता से लागू करने में भारत सरकार की ओर से ''पूरी तरह चूक'हुई है। पीठ ने कहा, ''दुर्भाग्य से, इस मामले में सभी स्तर पर अपीलकर्ता ने ऐसा रुख अपनाया है, जो दिव्यांग लोगों के फायदे के लिए कानून लागू करने के उद्देश्य को ही निष्प्रभावी कर देता है। पीठ ने कहा, ''यदि अपीलकर्ता ने दिव्यांग जन अधिनियम, 1995 को उसके सही अर्थों में लागू किया होता, तो प्रतिवादी संख्या 1 (दृष्टिबाधित उम्मीदवार) को न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता।'

### ये है मामला

इस मामले में पंकज कुमार श्रीवास्तव, जो 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं, ने सिविल सेवा परीक्षा, 2008 में भाग लिया था और निम्नलिखित क्रम में सेवाओं को प्राथमिकता दी – भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय राजस्व सेवा-आयकर (आईटी), भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) और भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) (आईआरएस (सी एंड ई)। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद श्रीवास्तव को नियुक्ति देने से इंकार कर दिया गया। तब श्रीवास्तव ने कैट के समक्ष एक और आवेदन किया जिसने यूपीएससी को निर्देश दिया कि वह 29 दिसंबर, 2005 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार अनारक्षित/सामान्य श्रेणी में अपनी योग्यता के आधार पर चयनित उम्मीदवारों को समायोजित करे।

### इंजेक्शन वाली नशीली दवाएं लेने के चलते हो रहे शिकार

# त्रिपुरा के स्कूल में एड्स का कहर 828 छात्र पॉजिटिव, 47 की मौत

एजेंसी ▶▶| अगरतला

त्रिपुरा के स्कूल में स्टूडेंट्स को एड्स बीमारी होने का गंभीर मामला सामने आया है। त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (टीएसएसईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, त्रिपुरा में एचआईवी से 47 लोगों की मौत हो चुकी हैं और 828 छात्र एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। टीएसएसईएस के ज्वॉइंट डायरेक्टर का कहना है कि स्कूलों के छात्र नशीले पदार्थ का भारी मात्रा में सेवन कर रहे हैं। टीएसएसईएस के अधिकारी ने कहा कि "हमने अब तक 828 छात्रों को एचआईवी पॉजिटिव में रजस्टिर किया है। उनमें से 572 छात्र बीमारी से अभी भी ग्रस्त हैं और इस खतरनाक संक्रमण के कारण 47 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग हर दिन एचआईवी के पांच से सात नए मामले सामने आ रहे हैं।



### 220 स्कूल और 24 कॉलेज के हैं छात्र

त्रिपुरा जर्नलिस्ट यूनियन, वेब मीडिया फोरम और टीएसएसीएस द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला में टीएसएसीएस के संयुक्त निदेशक सुभ्रजीत भट्टाचार्य ने बताया कि अब तक 220 स्कूलों और 24 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की पहचान की गई है, जहां छात्र नशीली दवाओं के दुरुपयोग के आदी पाए गए हैं। संयुक्त निदेशक भट्टाचार्जी ने एचआईवी मामलों में वृद्धि के लिए नशीली दवाओं के एक ही संक्रमित इंजेक्शन का अलग-अलग छात्रों द्वारा इस्तेमाल होना बताया है। उनका कहना है कि ज्यादातर मामलों में, बच्चे अमीर परिवारों से हैं जो एचआईवी से संक्रमित पाए जाते हैं।

### तेज संगीत, देर रात तक खुला रखने पर कार्रवाई

# बेंगलुरु में विराट कोहली के पब पर एफआईआर दर्ज



**बेंगलुरू।** बेंगलुरु पुलिस ने विराट कोहली के स्वामित्व वाले पब वन8 कम्यून और एमजी रोड पर कई अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ तय समय से अधिक समय तक खुले रहने के कारण एफआईआर दर्ज की है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया, हमने कल रात 1:30 बजे तक देर से खुलने के लिए करीब 3-4 पब बुक किए हैं। हमें तेज आवाज में संगीत बजाए जाने की शिकायतें मिली हैं। पब को रात 1 बजे तक ही खुले रहने की अनुमति है, उसके बाद नहीं। विराट कोहली का एमजी रोड स्थित वन8 कम्यून पब चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के करीब है। यह उन पबों में शामिल है, जिन पर नियमों का उल्लंघन करने के कारण मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें रात में तेज आवाज में संगीत बजाए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। जांच जारी है और आगे की कार्रवाई उसी के अनुसार की जाएगी।

### बिल्डर के खिलाफ कोर्ट पहुंचे युवराज



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह बिल्डर के खिलाफ राहत पाने के लिए मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे. दिल्ली हाईकोर्ट ने युवराज सिंह की याचिका पर एक रियल स्टेट कंपनी को नोटिस जारी किया है। पूर्व भारतीय दिग्गज ने मामले को निपटाने के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति की गुहार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने युवराज सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए ब्रिलियंट एटोइल प्राइवेट लिमिटेड से जवाब तलब किया है।






### सट्टेबाजी वीडियो में इस्तेमाल हुआ चेहरा

# अब भुवन बाम डीपफेक का शिकार, पुलिस में दर्ज कराई शिकायत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भुवन बाम यूट्यूब की दुनिया में एक बड़ा नाम और शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने बीते कई वर्षो से अपने एक खास अंदाज में लोगों का मनोरंजन किया है। उनका यूट्यूब पर 'बीबी की वाइन्स' के नाम से एक चैनल है, जिसपर वह कॉमेडी वाले वीडियोज अपलोड करते हैं। भुवन के करोड़ो सब्सक्राइबर हैं। हालांकि, इन सब के बीच इंफ्लूएंसर डीपफेक वीडियो का शिकार हुए है, जिसे लेकर उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। भुवन बाम ने अपने प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक फर्जी वीडियो के बारे में सचेत किया है। इस वीडियो में भुवन लोगों से एक खास सट्टेबाज के आधार पर टेनिस में निवेश करने का आग्रह कर रहे हैं। भुवन ने इस मुद्दे पर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया और कहा, "मैं अपने सभी प्रशंसकों को मेरे एक डीपफेक वीडियो के बारे में सचेत करना चाहता हूं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो है। यह वीडियो पूरी तरह से फर्जी और भ्रामक है, जो लोगों को सट्टेबाजी द्वारा टेनिस में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है।"

**जांच में जुटी पुलिस :** भुवन की टीम ने तुरंत कार्रवाई की और मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। भुवन ने कहा, "मेरी टीम ने पहले ही ओशिवारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर ली है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।"

### रणवीर, आमिर भी हो चुके हैं शिकार

इस साल की शुरुआत में रणवीर सिंह का एक वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया था जिसमें रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के अभिनेता सरकार की आलोचना करते हुए नजर आए थे। क्लिप में, सिंह लोगों से मौजूदा लोकसभा चुनावों में 'न्याय' के लिए वोट करने का आग्रह करते हुए नजर आए थे। हालांकि, बाद में यह स्पष्ट किया गया कि वायरल वीडियो को एडिट करके बनाया गया था। रणवीर से पहले बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान का एक और डीपफेक वीडियो भी सामने आया था जिसमें एक्टर एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते नजर आए थे।




रायपुर
बुधवार, 10 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 22, अंक : 352
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.5
न्यून. 25.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



3 प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं

विचार पेज
2 बजट के ऐतिहासिक होने की आस

# भाजपा की आज बड़ी बैठक, खट्टर-शिवप्रकाश रायपुर पहुंचे, एक ही सत्र में होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतीय जनता पार्टी की वृहद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुधवार को राजधानी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगी। कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री खट्टर और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन देर शाम राजधानी पहुंच गए। बैठक बुधवार सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कार्यसमिति में एक ही सत्र होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के लिए विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान अनेक बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा भी होगी। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कार्यालय से बाहर की जा रही है। इस कार्यसमिति को बड़ा रूप दिया गया है। यही वजह है कि कार्यक्रम स्थल बोरियाकला स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के स्थान पर राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय पदाधिकारी और कार्यसमिति के सदस्य होंगे शामिल

इस कार्यसमिति में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्यसमिति के सदस्य, प्रदेश कोर कमेटी, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सांसद, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी कार्यसमिति के सदस्य, निवृत्तमान सांसद, विधायक, निवृतमान विधायक, समस्त मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कोषाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी, जिला भाजपा एवं समस्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष भाजपा, समस्त प्रकोष्ठ के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मंत्रालय में ऊर्जा मंत्री केंद्रीय योजनाओं की करेंगे समीक्षा







#### सुबह 9 बजे खुलेगा मंत्रालय, खट्टर लेंगे बैठक

देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर भाजपा कार्यसमिति की बैठक से पहले सुबह 9 बजे नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। ऊर्जा से संबंधित केंद्रीय योजनाओं की प्रगति के साथ छत्तीसगढ़ की जरूरतों पर मंथन करेंगे। इस बैठक की वजह से ही मंत्रालय के दरवाजे सुबह 9 बजे से ही खुल जाएंगे।




## खबर संक्षेप

### बालासोर में ट्रेन से कटकर दो की मौत

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में दो युवकों की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। खड़गपुर डिवीजन में सोरो और बहनागा स्टेशनों के बीच दंडहारीपुर रेलवे फाटक के पास हुई। मृतकों की पहचान हेमंत साहू और राकेश पाधी के रूप में हुई है। दोनों युवक मोटरसाइकिल से रेल पटरी पार कर रहे थे।



### ट्रक की टक्कर से कार में आग, तीन की मौत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में पिहोवा के पास एक ट्रक की टक्कर के बाद कार में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार रात की है और मृतकों की उम्र 20 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। चारों युवक परीक्षा देने के लिए चंडीगढ़ जा रहे थे।



### महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री पर लगाया आरोप

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों को पास जारी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल, भाजपा के नेता ने इस आरोप को खारिज किया है। मोइत्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कथित तौर पर ठाकुर द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र की तस्वीर साझा की।



### तालाब में डूबने से तीन लड़कों की मौत

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले में एक तालाब में डूबने से तीन लड़कों की मौत हो गई। 12 से 19 वर्ष की आयु के तीन लड़के सोमवार को दोपहर में चन्दवारा थाना क्षेत्र में तालाब में नहाने गए थे लेकिन वे देर शाम तक घर नहीं लौटे। मृतकों में सोहेल अंसारी (19), शाहबाज अंसारी (12) और अरबाज अंसारी (12) हैं।



### सिख फॉर जस्टिस पर 5 साल बढ़ाया बैन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन सिख फॉर जस्टिस पर लगे प्रतिबंध को अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया। इस आतंकी संगठन पर पहली बार 2019 में प्रतिबंध लगाया गया था। एसएफजे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल रहा है।



## प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ की द्विपक्षीय बैठक

# पीएम मोदी ने पुतिन से कहा- बम और बारूद से यूक्रेन युद्ध का समाधान नहीं

- ▶▶ राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को ब्रिक्स सम्मेलन में किया आमंत्रित
- ▶▶ प्रधानमंत्री ने कहा-भारत शांति के पक्ष में

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष की पृष्ठभूमि में बातचीत की।*

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

खास खबर

पीएम मोदी ने पुतिन और वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और यूक्रेन में संघर्ष समाप्त करने में योगदान करने को तैयार है। उन्होंने कहा, नई पीढ़ी के लिए उज्ज्वल भविष्य के नाते शांति अत्यंत आवश्यक है। बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। प्रधानमंत्री ने सोमवार को पुतिन के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति को सुनने से उम्मीद बनी। मोदी ने कहा, अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है। उस पर भी यदि बेगुनाह बच्चों की हत्या हो, निर्दोष बच्चे मरें तो यह हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी होता है। उन्होंने कहा, कल हमारी बैठक में हमने यूक्रेन के मुद्दे पर एक दूसरे के विचारों को सुना और मैंने आपके समक्ष शांति तथा स्थिरता पर 'ग्लोबल साउथ' ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी ने रूस को पढ़ाया शांति का पाठ

रूस-यूक्रेन युद्ध की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, युद्ध हो, संघर्ष हो, आतंकवादी हमले हो, मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति, जब जनहानि होती है तो बहुत पीड़ित होती है। उसमें भी जब मासूम बच्चों की मौत होती है, उन्हें मरते हुए देखते हैं तो हृदय छलनी हो जाता है। इस विषय में भी आपसे विस्तार से चर्चा हुई। मित्र के नाते हमने हमेशा कहा है कि हमारे भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति सर्वाधिक आवश्यक है। लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं होते हैं।



### मॉस्को से वियना पहुंचे मोदी

रूस में दो दिन के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने तथा कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर करीबी सहयोग के रास्ते तलाशेंगे। दरअसल, 41 साल से अधिक समय में मध्य यूरोपीय राष्ट्र ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी ने आस्ट्रिया, वियना का दौरा किया था। इस यात्रा में विदेश मंत्री जयशंकर भी गए हैं।

### जबरिया रूसी सेना में भर्ती भारतीय होंगे 'रिहा'

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम मोदी को अपने आवास डिनर के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने रूसी सेना में फंसे भारतीयों का मुद्दा उठाया। इस रूसी राष्ट्रपति ने सहमति जताई। इसके बाद से रूस की सेना में काम कर रहे भारतीय बर्खास्त किए जाएंगे। रूस उनकी भारत वासपी में मदद भी करेगा। उल्लेखनीय है कि इन भारतीयों को अच्छी सैलरी का लालच देकर ट्रेवल एजेंटों ने रूसी सेना में भर्ती करवा दिया है। इन भारतीयों को यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात किया गया है। इस तरह से भर्ती किए गए चार भारतीयों की अबतक इस लड़ाई में मौत हो चुकी है।*

### रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने बताया कि रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में भारत को वाणिज्य दूतावास खोले जाएंगे। मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि 'मैं आपसे एक अच्छी खबर साझा करना चाहता हूं। हमने तय किया है कि हम कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास खोलेंगे। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना और व्यापार में बढ़ोतरी होगी।*

#### सियादेवी से लौटते वक्त हादसा

## पेड़ से टकराई बाइक तीन युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अंडा

सियादेवी मंदिर से वापस लौट रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत हुई है। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। वे प्रसिद्ध मंदिर सियादेवी मंदिर से दर्शन करके वापस अपने गांव दुर्ग जिले के विनायकपुर लौट रहे थे। इस दौरान रानीमाई मंदिर के पास अंधे मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसके चलते तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद संजीवनी 108 एंबुलेंस की टीम ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।



### इनकी हो गई मौत

पुलिस के अनुसार तीनों दुर्ग जिले के विनायकपुर निवासी नमन (21), देवानन्द (24), खिलेंद्र (26) एक ही बाइक पर सवार होकर सियादेवी मंदिर आए थे और यहां से दर्शन करके वापस लौट रहे थे।

### बुझ गए तीन घरों के चिराग

*पोस्टमार्टम के बाद शवों को मर्च्यूरी में रख दिया गया है। मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस लगातार लोगों को ये बताती रहती है कि हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाएं। गाड़ी में ट्रिपल लोड होकर नहीं चलें। समय समय पर जनजागरुकता अभियान चलाकर भी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस लोगों को समझाती रहती है।*

# एसआईटी रिपोर्ट पेश, भोले बाबा का जिक्र ही नहीं, एसडीएम समेत 6 अफसर सस्पेंड



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। हादसे के एक हफ्ते के भीतर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा के नाम का जिक्र तक नहीं है। आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। योगी सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदरामऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को सस्पेंड कर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को स्थानीय उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारीऔर चार अन्य को निलंबित कर दिया। इस रिपोर्ट में घटना के पीछे 'बड़ी साजिश' से इंकार नहीं किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन के स्तर पर भी लापरवाही होने की बात कही गई है जिसके कारण दो जुलाई को यह घटना हुई।

- हाथरस भगदड़ मामले में 'बड़ी साजिश' की आशंका से इंकार नहीं

### ये अधिकारी हुए सस्पेंड

रावेंद्र कुमार उपजिलाधिकारी सिकंदराराऊ , आनंद कुमार सीओ सिकंदराराऊ, सुशील कुमार तहसीलदार सिकंदराराऊ, आशीष कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना सिकंदराराऊ, कचौरा चौकी प्रभारी मनवीर सिंह।

### न्यायिक आयोग भी कर रही जांच

*हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अलग से तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग भी गठित किया गया है जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी हेमंत राव और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी भवेश कुमार सिंह शामिल हैं।*

### एसआईटी रिपोर्ट में क्या?

- *प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार*
- *अब तक हुई जांच और कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इंकार नहीं*
- *जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक और तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया*
- *स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज द्वारा लापरवाही के जिम्मेदार*

### 125 के बयान दर्ज

भगदड़ की घटना के तुरंत बाद एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने दो, तीन और पांच जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की पड़ताल की। जांच के दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों समेत 125 लोगों के बयान दर्ज किए गए। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, मौके पर हुई वीडियोग्राफी, फोटो और वीडियो को संज्ञान में लिया गया।

## यूपी के 500 गांवों में बाढ़...



**15 ट्रेनें रद्द लोगों को किया एयरलिफ्ट**

**एनडीआरएफ सेना ने संभाली कमान**



**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों के अलावा कुछ मैदानी इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। यूपी में लगातार बारिश से शारदा, देहवा, ट्रांस और राप्ती नदी उफान पर हैं। बलरामपुर, पीलीभीत और लखीमपुर के करीब 500 गांवों में बाढ़ आ गई है। शहरों में भी पानी घुस गया है। 20 लाख की आबादी प्रभावित है।

#### एक्शन में सीबीआई

## नीट पेपर लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बिहार से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 11 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सीबीआई ने नालंदा और गया से सन्नी कुमार और रंजीत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सन्नी एक परीक्षार्थी है जबकि रंजीत एक दूसरे परीक्षार्थी का पिता है। इन दोनों पर पेपर लीक करवाने में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले 8 जुलाई को ▶▶|शेष पेज 4 पर



### अब तक 11 गिरफ्तारियां

इससे पहले, एजेंसी से जुड़े एक अधिकारी ने बताया था कि सीबीआई ने अब तक बिहार नीट-यूजी पेपर लीक मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को खोलने की सिफारिश करेगी समिति

# चार दशक बाद खुलेगा जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खोलने की तैयारी पूरी हो गई है। हाईकोर्ट जज के नेतृत्व में बनी समिति ने मंदिर के खजाने को खोलने की प्रक्रिया तेज कर दी है। करीब चार दशक बाद रत्न भंडार का दरवाजा खोला जाएगा। आखिरी बार इसका दरवाजा 1985 में खुला था लेकिन तब सिर्फ मरम्मत की गई थी। रत्न भंडार में मौजूद खजाने का लेखा-जोखा आखिरी बार 1978 में लिया गया था। जस्टिस बिस्वनाथ ▶▶|शेष पेज 4 पर



### तीनों देवताओं के गहने

बताते हैं कि इसी रत्न भंडार में जगन्नाथ मंदिर के तीनों देवताओं जगन्नाथ, बालभद्र और सुभद्रा के गहने रखे गए हैं। कई राजाओं और भक्तों ने भगवान को जेवरात चढ़ाए थे जिनके यही पर होने की संभावना है। दान में मिले जेवरों को रत्न भंडार में रखा जाता था।

### पीएम मोदी ने उठाया था मुद्दा

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पुरी में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद रत्न भंडार का जिक्र किया था। जगन्नाथ मंदिर सुरक्षित नहीं है। मंदिर के रत्न भंडार की चाबी पिछले 6 साल से गायब है। उन्होंने चाबी को तमिलनाडु भेजे जाने का भी जिक्र किया था। उनका इशारा आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए वीके पांडियन की तरफ था।

### 1978 में खोला गया था आंतरिक कक्ष

रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले यानी सन 1978 में खोला गया था। आखिरी बार इसका दरवाजा 1985 में खुला था लेकिन तब सिर्फ मरम्मत की गई थी। रत्न भंडार में मौजूद खजाने का लेखा-जोखा आखिरी बार 1978 में लिया गया था। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया।

## चिंतन

# रूस को भारत का युद्ध छोड़ शांति का संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान मंझे हुए कूटनीतिज्ञ राजनेता की तरह बात की है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बहुत सहजता से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। पीएम ने यह बात यूक्रेन से युद्ध के संदर्भ में कही है। रूस को भारत का संदेश साफ है कि युद्ध बंद कीजिए, वार्ता से मसले सुलझाइए। अब अगर रूस युद्ध समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो यह भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी। कुछेक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने युद्ध खत्म करने की सशर्त इच्छा जताई थी। अमेरिका व यूरोप की अपेक्षा रही है कि भारत रूस से बात कर युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन को राजी करे। इस अपेक्षा के अनुरूप ही भारत रूस व यूक्रेन से पहले भी अपील कर चुका है कि यह युद्ध का दौर नहीं है, वार्ता से ही मसले सुलझाए जा सकते हैं। हालांकि रूस व यूक्रेन वार्ता टेबल पर नहीं आए, युद्ध तीसरे वर्ष में है। इसका बड़ा कारण है कि अमेरिका व नाटो से जुड़े यूरोपीय देशों ने कभी भी यूक्रेन को युद्ध खत्म करने के लिए नहीं मनाया। अमेरिका व नाटो देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं और यूक्रेन के कंधे से रूस को साधने की चेष्टा कर रहे हैं। अमेरिकी जिद के बरक्स रूस ने पश्चिम के बिना सर्वाइव का साधन खोज लिया है। इस प्रयास में रूस के लिए चीन व भारत बड़ा मददगार साबित हुए हैं। अभी एक दिन पहले ही चीन ने रूस व यूक्रेन संग युद्ध खत्म कराने के लिए वार्ता पर जोर देते हुए सहमति से मध्यस्थता की पेशकश की है। हालांकि इस पर रूस व यूक्रेन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने भारत से अपील की है कि रूस के साथ वार्ता में युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हो और राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान हो। अमेरिका की मंशा साफ है कि रूस यूक्रेन से जंग खत्म कर चले जाएं और यूक्रेन की पूर्व स्थिति रहे। रूस ने जंग के बाद यूक्रेन के कुछेक भूभाग पर कब्जा जमा लिया है। पीएम मोदी के इस रूस दौरे पर जहां चीन की नजर है, वहीं अमेरिका व यूरोप की भी निगाहें हैं। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने मोदी के रूस दौरे को तटस्थ व संतुलित विदेश नीति के तौर पर उद्धृत किया है, तो अमेरिका मीडिया ने भी इसे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के रूप में देखा है। अमेरिकी थिंकटैंक की भाषा में थोड़ी तल्खी है, लेकिन पश्चिम खेमे के दबाव से इतर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए भारत की सराहना भी है। पीमए की रूस यात्रा ऐसे समय हुई है, जब चीन पर रूस की निर्भरता बढ़ी है। अभी भारत को लेकर चीन की भाषा भी मर्यादित है। इस दौरे पर राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित कर भारत से रूस की गहरी दोस्ती का परिचय दिया और चीन, अमेरिका व यूरोप को संदेश दिया। ऊर्जा, असैन्य परमाणु, डिफेंस, अस्त्र-शस्त्र आदि क्षेत्र में भारत व रूस के बीच सहयोग और मजबूत होंगे। भारत ने रूस के सामने ग्लोबल आतंकवाद के खतरों का मुद्दा भी उठाया। रूसी सेना में भारतीय जवानों के लड़ने का लड़ने का मुद्दा भी उठा, अब रूस भारतीय की भर्ती अपनी सेना में नहीं करेगा। भारतीय समुदाय के साथ भी पीएम ने जोशीले संवाद किया। पीएम ने रूस को सुख-दुख का साथी बता कर भारत के लिए रूस की अहमियत को रेखांकित कर दिया है। भारत-रूस विश्व में नई भूमिका निभाने को तैयार है।



**बजट उम्मीद**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बजट के ऐतिहासिक होने की आस

> 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हुई। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट विकास और सुधारों से सजा हुआ ऐतिहासिक बजट होगा। इस बजट को तैयार करने के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने 19 जून से 5 जुलाई तक उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के साथ बजट पूर्व व्यापक परामर्श बैठकें आयोजित की हैं।

गौरतलब है कि गत 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2024-25 का बजट ऐतिहासिक होगा और इसमें आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए जाएंगे। इस बजट से सरकार सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करेगी। यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में विभिन्न सुधारों से भारतीय बैंकिंग विश्व के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में शुमार हो गई है। टैक्स संग्रहण ऊंचाई पर है। गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से इन वर्गों का उत्थान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म ने भारत को विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है और भारत ने 2021 से 2024 के बीच 8 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि नए बजट के माध्यम से अटके पड़े सुधारों, वित्तीय व श्रम सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने के बड़े कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट एक लेखानुदान की तरह था तथा इसमें कोई लोक लुभावन योजना नहीं थी। ऐसे में इस अंतरिम बजट ने 23 जुलाई को प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए अच्छे आर्थिक और वित्तीय आधारों की विरासत सौंपी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पूर्ण बजट 2024-25 की तैयारी को अंतिम रूप देते समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास अच्छे व ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के कई मजबूत आधार हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्त मंत्रालय को 2.11 लाख करोड़ रुपये का भारी भरकम लाभांश सौंपा गया है, वह भी नए बजट का मजबूत आधार होगा। इस लाभांश से सरकार को राजकोषीय सहायता मिलेगी और व्यय अपेक्षाओं का प्रबंधन होगा। आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकरदाताओं की संख्या और



आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहां पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से भी अधिक हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्तमंत्री की मुट्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा पिछले वर्षों में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं।

निःसंदेह नया बजट 2024-25 गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर केंद्रित होते हुए दिखाई दे सकता है। नए बजट में वित्तमंत्री वृद्धि और रोजगार पर फोकस करते हुए दिखाई दे सकती हैं। किसान सम्मान निधि सालाना 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये की जा सकती है। कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई वेयरहाउसिंग को प्रोत्साहन नए बजट में बढ़ाएं जा सकते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नए क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती हैं और श्रम साध्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के सृजन के पथ पर आगे बढ़ सकती हैं, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती हैं। नए बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरिड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पिछले विभिन्न बजटों में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। वित्तमंत्री नए बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के उपाय भी कर सकती हैं, जिसमें कर राहत के उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में नए बजट में आयकर के पुराने तथा नए स्लैब दोनों के तहत छोटे आयकरदाताओं को राहत के प्रावधानों का ऐलान किया जा सकता है। निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी करदाताओं के कर की कटौती अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50,000 रुपये की सीमा बढ़ाकर 75,000 रुपये की जा सकता है।

हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**भविष्य**
शिशिर शुक्ला



# अंतरिक्ष में डाटा की सुरक्षा

हाल ही में यूरोप की कंपनी एसेंड ने 21 लाख डॉलर खर्च करके एक अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला है कि भविष्य में बढ़ते हुए डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम खोलने पर विचार करना पड़ेगा। इस योजना के पीछे कारण यह बताया गया है कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू पर इस कदर हावी हो जाएगी कि अथाह मात्रा में उत्पन्न होने वाले अपने उपयोगी डाटा को सुरक्षित रख पाना हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। तकरीबन 16 महीने तक इस मुद्दे पर हुए अध्ययन के बाद नतीजा यह निकला है कि इस चुनौती से निपटने के लिए पृथ्वी से 1400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में डाटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यूरोपीय कंपनी एसेंड के अनुसार अंतरिक्ष में वर्ष 2036 तक ऐसे 13 डाटा सेंटर खोले जाएंगे जिनकी क्षमता लगभग 10 मेगावाट होगी। प्रत्येक डाटा केंद्र की सतह का क्षेत्रफल 6300 वर्ग मीटर होगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2050 तक ऐसे 1300 डाटा सेंटर स्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। एक अन्य विशेष बात यह है कि ये डाटा सेंटर सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। देखा जाए तो आज हमारे जीवन में डिजिटलीकरण ने पूर्णतया अपना दखल स्थापित कर लिया है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक हम पूर्णरूपेण डिजिटल तकनीकी की गिरफ्त में जकड़े हुए हैं। कारण यह है कि डिजिटलीकरण ने हमारे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए अनेक सुविधाओं का समावेश भी किया है। इन सुविधाओं में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु जिसका जिक्र करना उचित होगा, वो है समय की बचत। निस्संदेह डिजिटलीकरण ने प्रत्येक क्षेत्र में हमारे लिए समय की बचत करने में एक अभूतपूर्व योगदान दिया है, किंतु डिजिटल तकनीकी के कुछ पार्श्व प्रभाव भी उभरकर सामने आए हैं, जो कहीं न कहीं हमारे जीवन पर ही असर डाल रहे हैं अथवा भविष्य में गंभीर असर डालने वाले हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में प्रतिदिन लगभग 402.74 मिलियन टेराबाइट डाटा पैदा हो रहा है। इसके साथ ही यह भी निश्चित है कि समय के साथ प्रतिदिन पैदा होने वाले इस डाटा की मात्रा में निरंतर बढ़ोतरी होती जाएगी। स्वाभाविक सी बात है कि जब अपने पास कीमती सामान ज्यादा हो तो उसकी सुरक्षा को लेकर मन में सवाल उठेगा ही। डाटा के उत्पन्न होने से लेकर डाटा की सुरक्षा तक प्रत्येक कार्य में ऊर्जा का खर्च होना ही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार पृथ्वी के डाटा सेंटरों पर वर्ष 2026 तक प्रति घंटा एक हजार टेरावॉट बिजली की खपत होगी। इतनी बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत होने से हम शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को किसी भी दशा में हासिल नहीं कर पाएंगे। यूरोपीय कमीशन के सहयोग से किए गए इस शोध का मुख्य लक्ष्य भी भविष्य में पृथ्वी को अनावश्यक ऊर्जा खपत से बचाते हुए कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने की अवधारणा पर ही आधारित है। चूंकि अंतरिक्ष में सूर्य ही एकमात्र ऊर्जा का स्रोत होगा, लिहाजा अंतरिक्ष में डाटा सुरक्षा के लिए हम सौर ऊर्जा पर ही निर्भर होंगे। डेनमार्क के डाटा सेंटर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुसार भविष्य में दुनिया के सामने डाटा सुनामी का दौर आने वाला है। पृथ्वी पर एक बड़ी मात्रा में डाटा उत्पादित होगा और उस डाटा की सुरक्षा के लिए एक बड़ी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होगी। नतीजा यह होगा कि बिजली एवं पानी जो धीरे धीरे संकट के दायरे में आने के कगार पर हैं और अधिक तीव्र गति से इस ओर बढ़ जाएंगे। ऐसी दशा में बहुमूल्य डाटा की सुरक्षा कर पाना नितांत मुश्किल होगा। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में प्रतिदिन 1.145 ट्रिलियन मेगाबाइट डाटा उत्पन्न हो रहा है। इस हिसाब से वर्ष 2028 तक भारत को 3.6 गीगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर की जरूरत होगी। भारत में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई, ये चारों डाटा सेंटर के मुख्य हब हैं। भारत के लगभग 90 फीसदी डाटा सेंटर इन्हीं चार महानगरों में हैं। समस्या का अंदाजा हम इसी से लगा सकते हैं कि हम अपने मोबाइल फोन में प्रतिदिन 1.5 गीगाबाइट अथवा 2 गीगाबाइट डाटा प्रदान करने वाले प्लान का रिचार्ज करते हैं। इस हिसाब से हम लगभग 60 गीगाबाइट डाटा प्रतिमाह खर्च करते हैं। अगर औसतन बात की जाए, तो एक भारतीय प्रतिमाह 19 गीगाबाइट डाटा का उपभोग कर रहा है। यहां पर एक अन्य बात का उल्लेख करना उचित होगा कि जनसंख्या वृद्धि की द्रुत दर भी किसी से छिपी नहीं है। जाहिर सी बात है कि जनसंख्या अगर इसी दर से बढ़ती रही तो डाटा उपभोग की मात्रा भी उतनी ही तेज गति से बढ़ेगी। पृथ्वी पर डाटा के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए भविष्य में दुनिया के सभी देशों को अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम बनाने के विकल्पों पर विचार करना ही पड़ेगा और साथ ही ऊर्जा के स्वच्छतम विकल्प सौर ऊर्जा पर केंद्रित रहते हुए चुनौतियों से निपटने का प्रयास करना होगा।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी के विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
**प्रेरणा**

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी क्यों**

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लगा है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। सब्जियों की कीमतों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। – *प्रकाश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# नाटो में सबसे कम योगदान देने वाला देश बना कनाडा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन 'पॉलिटिको' ने कहा, 'पिछले कई वर्षों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है और उसके पास इस संबंध में कोई योजना भी नहीं है।' कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं जिसकी औपचारिक शुरुआत आज होगी। ट्रुडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे। 'पॉलिटिको' ने कहा कि नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने रक्षा पर दो प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) खर्च करने के संकल्प पर 2014 में हस्ताक्षर किए थे।



## ऑफ बीट

# पृथ्वी के गर्म होने पर तूफानों में कैसे बदलाव आएंगे

जब एक जुलाई को तूफान बेरिल ने ग्रेनेडाइन द्वीप समूह पर हमला किया, तो इसकी 150 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और भयानक तूफान ने इसे उष्णकटिबंधीय अटलांटिक में आएं श्रेणी 5 का तूफान (सैफिर-सिम्पसन तूफान पवन पैमाने पर सबसे विनाशकारी ग्रेड) बना दिया। 2024 में सक्रिय तूफान के मौसम की भविष्यवाणी काफी पहले ही कर दी गई थी। हालाँकि, जिस गति से बेरिल तीव्र हुआ, उसने वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यह तूफान केवल 24 घंटों में 70 मील प्रति घंटे की औसत हवाओं के साथ उष्णकटिबंधीय-तूफान की ताकत से 130 मील प्रति घंटे की हवाओं के साथ प्रमुख-तूफान की स्थिति में पहुंच गया। अल्बानी यूनिवर्सिटी, स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क में वायुमंडलीय विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रायन टैंग कहते हैं, 'बेरिल जून की बजाय तूफान के मौसम में आने वाला विशिष्ट तूफान है, और इसकी तीव्रता और ताकत असामान्य रूप से गर्म पानी के कारण होती है।' जैसे-जैसे रिकॉर्ड जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के कारण दुनिया तेजी से गर्म हो रही है, शोध से पता चलता है कि अभी और भी अप्रिय आश्चर्य आने वाले हैं।



## ट्रेंड

### शिक्षा सामूहिक जिम्मेदारी

एनईपी का संपूर्ण कार्यान्वयन, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर सीखने के परिणामों में सुधार भारत को एक ज्ञान महाशक्ति में बदलने और समान और समावेशी पहुंच को सक्षम करने के लिए केंद्रीय है। जड़युक्त, भविष्यवादी, बहुभाषी और 21वीं सदी की शिक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### समाधान का रास्ता

जैसे ही मैंने मध्य एशिया की अपनी यात्रा समाप्त की, मैं पूरे क्षेत्र में मिली एकजुटता की भावना से प्रोत्साहित होकर निकला। बिखरी हुई दुनिया में, यह खुशी की बात है कि मध्य एशिया अलग रास्ता चुन रहा है- सहयोग और सामान्य समाधान का रास्ता।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### मन से आत्मा की ओर मुड़ें

परमात्मा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त और मार्गदर्शन करने वाली मार्गदर्शक चेतना है। अहं-मन भौतिक स्तर पर उस आंतरिक प्रकाश का एक सीमित प्रतिबिंब है। जब तक हम मन से आत्मा की ओर नहीं मुड़ते, हम नहीं जान पाएंगे कि हम कौन हैं या अस्तित्व का अर्थ क्या है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक



### आश्चर्यजनक प्रतिभा

पृथ्वी पर क्या चल रहा है? पिछले दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार, भारतीय मूल की एक युवा महिला ने मंच पर धूम मचाई है। प्रतिभा जो बिल्कुल आश्चर्यजनक है। संगीत की स्वदेशी अमेरिकी शैलियों में अर्जित कौशल के साथ। रॉक एंड गॉस्पेल।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं



**मुंबई।** 'मिर्जापुर सीजन 3' में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आ रहीं रसिका दुग्गल ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ से बारे में खुलकर बात की है। रसिका ने कहा कि आज ओटीटी ही नहीं फिल्मों में भी औरतों की सेक्सुअलिटी पर खुल कर बातें हो रही हैं। एक समय तो ये बहुत बड़ा टैबू माना जाता था। रसिका इस बदलाव को कैसे देखती हैं? सवाल पर वे कहती हैं, 'ये तो स्वाभाविक ही होना चाहिए। इस विषय पर कोई बड़ी चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, मगर चूंकि हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां पर ये स्थापित किया गया है कि औरत अगर अपनी सेक्सुअलिटी पर बात करती है, तो वो बेशर्म है। मैंने देखा है कि जब भी हम बदलाव की बात करते हैं, तो ये एक चक्र की तरह बन जाता है। हम ऊपरी तौर पर इस पर बात करते हैं, मगर अंदरूनी रूप में हमारे अंदर जो रूढ़िवादिता होती है, उसके कारण हम उस पर अमल नहीं कर पाते, तो कई बार मुझे डर लगता है कि जितनी प्रोग्रेसिव बातें हो रही हैं, क्या हम उतने प्रोग्रेसिव हुए हैं?

# कभी दिवालिया हो गए थे 'खिचड़ी' के हिमांशु

*मुंबई। टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं। जेडी मजीठिया ने कहा, 'शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया। शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया'। उन्होंने आगे कहा, 'वहां से हमने धीरे-धीरे खुद को फिर से खड़ा किया। यह मेरा सबसे बड़ा अध्याय है। हमारा सारा पैसा खत्म हो गया था, हम घाटे में थे और हम पर लोगों का कर्ज भी था। लेकिन हमने सभी का पैसा चुकाया और आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं। हमने जितना आर्थिक नुकसान सहा, उससे कहीं ज्यादा आज कमाया है, लेकिन हमारा नाम कभी खराब नहीं हुआ। हमारी साख बरकरार रही और यह दौर छह महीने से ज्यादा नहीं चला'। मजीठिया ने बताया कि जब संकट आया था, तब उन्होंने 75,000 रुपये के बजट के साथ 'माई सागर' नाम से अपना शो लॉन्च किया था।*



# 'मिक्सचर' में होगी अहाना-अनुष्का की जोड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर'। सीरीज 'मिक्सचर' में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर' इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन 'मिक्सचर' नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है।



# 'अनुपमा' : लालच में अंधा हुआ वनराज शाह

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि वनराज शाह अपने लोभ के चलते बा और बापूजी के दिल की बात नहीं समझ पाएगा। बापूजी उसे बताएंगे कि क्यों वो घर छोड़कर यहां इस वृद्धाश्रम में चले आए हैं। बापूजी लेकिन बच्चों की खुशी को ध्यान में रखते हुए यह भी कह देंगे कि हमारी उम्र हो चली है और तुम्हारा पूरा जीवन बाकी है। तो ऐसे में वो घर बेच देना ही सही फैलला होगा। अपनी कुंद सोच और बच्चों की बातों में आकर वनराज शाह उस प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर अड़ा रहेगा। लेकिन अनुपमा और अनुज कपाड़िया उसके रास्ते का रोड़ा बनकर खड़े हो जाएंगे। घर लौटने पर जब किंजल और काव्या वनराज शाह से पूछेंगे कि वो बा-बापूजी को साथ क्यों नहीं लाया तो वह कोई जवाब नहीं देगा। किंजल कहेगी कि यह घर बा-बापूजी के बिना नहीं चल पाएगा तो वनराज शाह कहेगा कि मैं जाऊंगा उनसे मिलने। उनसे प्रॉपर्टी के कागजों पर साइन लेकर आऊंगा। उसकी बातें सुनकर किंजल सन्न रह जाएगी। वनराज शाह जहां चेहरे पर मायूसी लिए अभी भी प्रॉपर्टी के बारे में सोच रहा है वहीं अनुपमा साफ कहेगी कि कुछ भी हो जाए वो इन कागजों पर साइन नहीं करेगी। वह कहेगी कि वो बा बापूजी की मर्जी के बगैर यह घर नहीं बिकने देगी और घर की बिक्री की बात भी बा-बापूजी की मौजूदगी में ही होगी। यह सुनकर वनराज शाह खिसिया जाएगा और कहेगा कि क्या उसे भी प्रॉपर्टी में हिस्सा चाहिए।





# यश ने दी थी शादी न करने की सलाह

**मुंबई।** 'त्रिदेव' एक्ट्रेस सोनम का कहना है कि यश चोपड़ा ने उन्हें जल्दी शादी करने से मना किया था। यश चोपड़ा ने कहा था कि सोनम शादी करके गलती कर रही हैं पर एक्ट्रेस ने एक नहीं सुनी। सोनम खान ने 17 सालकी उम्र में फिल्में छोड़ दीं और फिर 18 की उम्र में शादी कर ली थी। 'त्रिदेव' फिल्म की एक्ट्रेस सोनम खान इस वक्त अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने फिल्मी करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं। 'ओए ओए गर्ल' के नाम से मशहूर हुईं सोनम खान ने साल 1994 में फिल्मों को अलविदा कह दिया था और शादी कर ली थी। सोनम खान ने खुलासा किया है कि फिल्ममेकर सोनम खान ने उन्हें शादी न करने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि वह बड़ी गलती कर रही हैं। उन्होंने साल 1988 में यश चोपड़ा की फिल्म 'विजय' से एक्टिंग डेब्यू किया था।

# 'कल्कि 2898 एडी' देख हिल गया दिमाग

मुंबई। 'कल्कि 2898 एडी'ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म ने दस्तक दी थी। रिलीज के 12 दिन बाद भी फिल्म का क्रेज उसी तरह से बना हुआ है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के अभिनेताओं ने कल्कि की तारीफ की है। अब दक्षिण के सुपरस्टार महेश बाबू ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कल्कि 2898 एडी ने मेरा दिमाग हिला दिया, वाह!' उन्होंने फिल्म के कास्ट और क्रू की भी तारीफ की। फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन के लिए लिखा, 'आपके भविष्य के दृष्टिकोण को सलाम। हर फ्रेम कला का एक टुकड़ा है।' अभिनेता ने अमिताभ बच्चन के लिए कहा, 'सर आपकी शानदार स्क्रीन उपस्थिति बेजोड़ है।



**22 नवंबर को रिलीज होगी ग्लेडिएटर-2 :** लॉस एंजिलिस। रिडले स्कॉट की 'ग्लेडिएटर 2' फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, 'विकेड' की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला 'ग्लेडिएटर 2' से हो गया है, जो 'बार्बी' बनाम 'ओपेनहाइमर' की तरह ही है। 'विकेड 'को पहले 'मोआना 2' के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है। नीलसन पहली फिल्म से अपनी भूमिका को फिर से निभाएंगे। पेड्रो पास्कल जनरल मार्कस एकेसियस की भूमिका निभाएंगे। जोसेफ क्विन सम्राट गेटा की भूमिका में हैं और फ्रेड हेचिंगर सम्राट कैराकल्ला की भूमिका में हैं।







E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
BOOK NOW OFFER VALID TILL 16TH JULY'24

CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029

VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.

HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.

SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.

SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: CALL: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH: CALL: 9827643832.

*Offer includes consumer offer, exchange bonus, institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. ^Up to 100% on road funding is provided by select financiers only. ^Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. Terms and conditions apply. Terms and conditions are subject to change without any prior notice. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. **Accessories and features shown in the pictures may not be a part of standard equipment and may vary according to the variant. ##As certified by Test agency under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ^^1.0L VXI AGS petrol variants. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 16th July, 2024.

## जैकेट के शेष

### हरिभूमि की खबर रंग ....

कही थी। दरअसल, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्कूलों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के नाम पर करीब दो हजार करोड़ रुपए जारी किए थे, लेकिन इसके बाद भी स्कूलों की हालत सुधर नहीं पाई।

**कलेक्टरों को 15 दिनों में रिपोर्ट देने कहा :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के परिपालन में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में मरम्मत योग्य शालाओं के जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत कार्यों की जांच शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों को इस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के औचित्य, आवश्यकता, पूर्णता तथा निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति की विशेषज्ञ समिति से जांच कराकर निर्धारित प्रपत्र में 15 दिवस के भीतर जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### आर्म्स फोर्स की ....

**सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन :** प्रदेश में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, सुशासन एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक पृथक विभाग ''सुशासन एवं अभिसरण विभाग'' का गठन किया गया है। इसमें ई-समीक्षा, ई-लोकसेवा गारंटी एवं डिजिटल सेक्रेटरियेट को शामिल किए जाने के संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। पूर्व में ये शाखाएं सामान्य प्रशासन विभाग में थी।

**नवा रायपुर के लिए एससीआर प्राधिकरण :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र तथा संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया है और इसके लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग को प्रशासकीय विभाग बनाया गया है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष की बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### लंबे इंतजार के बाद ....

श्री टोप्पो को सरकार ने 1 जनवरी 2021 की तारीख से अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति दी है।

### शराब घोटाले में ....

से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगने की बात कही गई है। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में डुप्लिकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट हेड दिलीप पांडे को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दिलीप पांडे की जानकारी के आधार पर नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन आफिस के भूतल कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़ा इंडस्ट्रियल कम्प्यूटर का हार्ड ड्राइव बरामद किया है। इस हार्ड ड्राइव के माध्यम से ही डुप्लिकेट होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी।

### नकली होलोग्राम के ....

के मुख्य आरोपी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी की संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा 2019 से 2022 तक फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराए गए थे। विदित हो कि दो हजार करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू जांच कर रही है। इस मामले में हाल ही में टीम ने कारोबारी अनवर ढेबर के ग्राम धनेली स्थित खेत में खुदाई कराकर नकली होलोग्राम के कई रोल जब्त किए थे। ये रोल अधजले मिले थे। आशंका जताई जा रही थी कि शराब घोटाले का मामला उजागर होने के बाद सबूतों को मिटाने के लिए नकली होलोग्राम के लाट को पहले जलाने का प्रयास किया गया था और फिर जमीन के अंदर छिपा दिया गया था। इन सबूतों के आधार पर ईओडब्ल्यू आगे की जांच कर रही है।

### प्रदेश में खोया भरोसा लौटा...

खाते में 3,716 करोड़ रुपए बकाया बोनस राशि का भुगतान भी किया गया। कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रुपए की राशि हमारे किसान भाइयों के खाते में हमने अंतरित की है। हम किसान भाइयों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सके हैं। यह हमारे लिए सबसे बड़े संतोष का विषय है।

हमारे छत्तीसगढ़ में तीज त्योहारों की परंपरा है। भाई अपनी बहनों को तीजा के मौके पर भेंट देते हैं। अपनी माताओं-बहनों के श्रम के सम्मान के लिए हमने भेंट स्वरूप महतारी वंदन योजना शुरू की। हर महीने हम 70 लाख विवाहित माताओं-बहनों के खाते में एक हजार रुपए भेजते हैं और अब तक पांच किश्त दे चुके हैं। यह मोदी जी की गारंटी है और मेरा वायदा है कि हर महीने की पहली तारीख को यह राशि पहुंचती रहेगी। मुझे बहुत खुशी होती है कि पहली तारीख को हमारी माताओं-बहनों के चेहरे की चमक और बढ़ जाती है। एक भाई के रूप में इससे ज्यादा संतोष की क्या बात हो सकती है। पिछली सरकार ने युवाओं का भी भरोसा तोड़ा था। जिस तरह से पीएससी परीक्षा 2021 में गड़बड़ी हुई, ऐसी गड़बड़ी न कभी देखी, न कभी सुनी थी। युवा पिछली सरकार के समक्ष गिड़गिड़ाते रहे। सरकार के कर्ताधर्ता कहते गये, शिकायत आई तो कार्रवाई होगी। सिविल सेवाओं की भर्ती प्रक्रिया में किया गया भ्रष्टाचार न केवल होनहार युवाओं को अवसर से वंचित कर देता है अपितु सिविल सेवा की गुणवत्ता को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। हमने युवाओं की पीड़ा समझी और पीएससी का प्रकरण जांच के लिए सीबीआई को सौंपा। पिछली सरकार के लचर रवैये के चलते कितने ही युवा आयु सीमा की अर्हता को पार कर गये, हमने इन्हें राहत दी और आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी गई। हम लोग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सीख पर चलने वाले लोग हैं। अंत्योदय के लिए काम करते हैं। गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए काम करते हैं। यह बहुत पीड़ा की बात है कि प्रदेश के विपुल प्राकृतिक संसाधन जिनके संतुलित दोहन से प्रदेश के लाखों गरीबों को मुक्ति मिल सकती थी, पिछली सरकार में खनिज सिंडीकेट ने इनसे अपना घर भर लिया। मोदी जी के नेतृत्व में जब देश डिजिटल गवर्नेंस की राह पर चल रहा है तब पिछली कांग्रेस सरकार ने ऑनलाइन प्रैक्टिस को बदल कर फिर मैनुअल कार्य शुरू कर दिया। कोयले पर 25 रुपए प्रति टन की उगाही कर 540 करोड़ रुपए का घोटाले की राह प्रशस्त कर दी।इसी तरह होलोग्राम लगाकर नकली शराब की बिक्री कर छत्तीसगढ़ को न केवल हजारों करोड़ का घोटाला किया गया, साथ ही नकली शराब देकर लाखों लोगों का स्वास्थ्य खराब करने का गंभीर अपराध किया गया। हमने शराब माफिया को समाप्त कर विदेशी मदिरा खरीदी सीधे उत्पादकों से करने का निर्णय लिया। हमने ऐसा नहीं किया होता तो छत्तीसगढ़ में भी तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि की तरह बड़े हादसे की आशंका बनी रहती जिसमें कई लोग जहरीली शराब पीने की वजह से मारे गये थे। शराब के खेल के साथ ही सट्टा कारोबार भी खूब पनपा। अपने प्राकृतिक संसाधनों, मेहनतकश, सरल, सहज लोगों से अपनी पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ की पहचान दुनिया भर में महादेव एप से हो गई। हमने डिजिटल गवर्नेंस की पुनः स्थापना की। आईटी टूल्स के माध्यम से विभागों में पारदर्शिता बढ़ाई। अटल मानिटरिंग एप के माध्यम से फ्लैगशिप योजनाओं की मानिटरिंग हम सुनिश्चित कर रहे हैं। सुशासन एवं अभिसरण विभाग की स्थापना कर हम सुशासन एवं नवाचार को प्रशासन के हर स्तर पर अपना रहे हैं। हमने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है और इसके लिए विजन 2047 तैयार कर रहे हैं। आप सभी की मेहनत और छत्तीसगढ़ की जनता की भागीदारी से निश्चित रूप से हम यह सपना पूरा कर सकेंगे। बीते साढ़े छह महीनों में जिस तरह से माओवादियों पर जिस तरह से कड़ा प्रहार किया गया है उससे निश्चित रूप से आम जनता को यह भरोसा हो गया है कि छत्तीसगढ़ में माओवाद का उन्मूलन अतिशीघ्र हो जाएगा। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से हम सुरक्षा के साथ विकास का संदेश भी आम जनता तक ले जाने में सफल रहे हैं। कुल मिलाकर इन साढ़े छह महीनों में जनता का भरोसा लौट आया है। लोकसभा चुनावों में हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की जिसका प्रतिसाद हमें मिला और हमने छत्तीसगढ़ से 10 सांसद भेजकर मोदी जी के हाथ मजबूत किये।

हमें याद रखना है कि देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां नकारात्मक शक्तियां दुष्प्रचार फैलाने में लगी हुई हैं। जिनके पुरखों ने बाबा साहेब के संविधान को इमरजेंसी के दौरान ताक पर रखकर आतंक का राज कायम किया, वे आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं। यह उन्हें शोभा नहीं देता। विविधता में एकता हमारे भारतीय समाज की शक्ति है। देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करना चाहते हैं। हमें निरंतर उनके इस षड़यंत्र को तोड़ने और राष्ट्र निर्माण के काम में लगना होगा। 22 जनवरी को पांच सौ बरसों के संघर्ष के पश्चात अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। राम मंदिर के लिए किया गया यह आंदोलन हमारे पुरखों का संघर्ष है। 22 जनवरी को देश की सांस्कृतिक गरिमा की पुनर्स्थापना हुई और रामराज्य के आदर्शों को पूरा करने हम नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़े हैं। आज जब उत्साह से भरपूर वातावरण में जब हमारी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश भर से विस्तारित कार्यसमिति में भाग लेने आ रहे हैं, तब उपरोक्त वर्णित उपलब्धियों का हिसाब-किताब अपने लोगों को देते हुए अति आनंद का अनुभव कर रहा हूँ। हालांकि यह भी सच है कि अभी तो यह शुरुआत है। अभी तो हमें बिना रुके, थके मीलों आगे चलना है। इस अवसर पर हम का यही साझा लक्ष्य है कि 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' को पूरा करने जी-जान से जुटना है।हनुमान जी की तरह ही 'रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम' की तर्ज पर राष्ट्र निर्माण के काम में जुट जाना है।हमें रामसेतु निर्माण की तरह राष्ट्र निर्माण का काम करना है। हम यह काम पूरे उत्साह से, लगन से करेंगे। भाजपा का हर कार्यकर्ता इस कार्य के लिए जुटा है और हम निश्चित रूप से ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण का यह संकल्प भाजपा ही पूरा करेगी।

रूस यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'तीसरे कार्यकाल में छाया '3' का अंक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत'

**रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में खुलेंगे भारत के दो नए वाणिज्य दूतावास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय आधिकारिक रूस यात्रा के दौरान मंगलवार को मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसमें उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और खासतौर पर '3' के अंक का उल्लेख करते हुए कहा कि ये उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में छाया हुआ है। इसकी झलक सरकार के लक्ष्यों में भी देखने को मिलती है। बतौर भारतीय प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में मैंने प्रण लिया है कि सरकार का कामकाज तीन गुनी रफ्तार से होगा, तीन करोड़ गरीब लोगों को घर बनाकर दिए जाएंगे और भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। हमने न केवल देश की अर्थव्यवस्था को कोरोना महामारी से उबारा है। बल्कि इसे दुनिया की एक मजबूत अर्थव्यवस्था बना दिया है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। बीते दस साल में भारत के विकास का ट्रेलर था। आगामी दस वर्षों में हम और अधिक विकास देखेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनकर उभरा है। स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों से बढ़कर आज ये लाखों में पहुंच गई है। पीएम ने कहा, भारतीय युवाओं की ताकत और प्रतिभा को देखकर दुनिया हैरान और अचंभित है। सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। ये वो महिलाएं हैं जिनकी सालाना आय एक लाख रुपए तक होगी।

### यूं बदल गया भारत

उन्होंने कहा कि 2014 की तुलना में आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ये ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। बीते दस वर्षों में ऐसे कई कार्य हुए हैं। जिनकी वजह से भारत पूरी तरह से दुनिया की नजर में बदल गया। हमने जी-20 जैसा आयोजन किया तो दुनिया बोली भारत बदल रहा है। पीएम ने कुछ मिसालें देते हुए कहा कि अगर दस साल में भारत अपने निर्यात को बढ़ाकर दोगुना कर देगा तो दुनिया कहेगी भारत बदल रहा है। अगर इस दौरान भारत 40 हजार किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण कर देगा तो दुनिया उक्त कथन को दोहराएगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर से बिजली से चलने वाले वाहनों और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तक भारत की गति दुनिया के विकास का अध्याय लिखेगी।


समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

रुक्मिणी पाण्डेय उम्र 24 वर्ष पिता स्व. श्री विष्णुशंकर पाण्डेय जाति-ब्राम्हण, स्थायी निवासी ग्राम-वार्ड नं. 04. शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड गुरूर तहसील-गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.) ...शपथकर्ती

मैं उपरनामांकित शपथकर्ती सत्यनिष्ठापूर्वक सत्यकथन करती हूं-

1/ यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है। 2/ यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, में मेरा नाम रुक्मिणी पाण्डेय दर्ज है। 3/ यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 5170 9221 2887 में मेरा नाम रूखमणी पाण्डेय दर्ज है। 4/ यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम रुक्मिणी पाण्डेय है जो कि सत्य एवं सही है। 5/ यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 5170 9221 2887 में मेरा नाम रूखमणी पाण्डेय के स्थान पर रूक्मिणी पाण्डेय दर्ज किया जाना आवश्यक है। 6/ यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। 7/ यह कि, यह शपथपत्र मुझे मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं 5170 9221 2887 में मेरा नाम रूखमणी पाण्डेय के स्थान पर रूक्मिणी पाण्डेय दर्ज कराने हेतु आवश्यकता हुई है तदानुसार शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

// सत्यापन //

मैं उपरनामांकित शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कुल कंडिका क्रमांक 01 से 07 तक दी गई जानकारी सत्य एवं सही है जिसे पढ़कर आज दिनांक 20.06.2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

मुहर

शपथकर्ती
रुक्मिणी पाण्डेय



समक्षः– श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

रोशनी पाण्डेय उम्र 19 वर्ष पिता स्व. श्री विष्णुशंकर पाण्डेय, जाति- ब्राम्हण, स्थायी निवासी ग्राम वार्ड नं. 04, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड गुरूर, तहसील-गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) शपथकर्ती

मैं उपरनामांकित शपथकर्ती सत्यनिष्ठापूर्वक सत्यकथन करती हूं :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में, स्थायी निवास प्रमाण पत्र में मेरा नाम रोशनी पाण्डेय दर्ज है।
3. यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 3594 5740 8013 में मेरा नाम रश्मि पाण्डेय दर्ज है।
4. यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम रोशनी पाण्डेय है जो कि सत्य एवं सही है।
5. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 3594 5740 8013 में मेरा नाम रश्मि पाण्डेय के स्थान पर रोशनी पाण्डेय दर्ज किया जाना आवश्यक है।
6. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।
7. यह कि, यह शपथपत्र मुझे मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 3594 5740 8013 में मेरा नाम रश्मि पाण्डेय के स्थान पर रोशनी पाण्डेय दर्ज कराने हेतु आवश्यकता हुई है तदानुसार शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है। शपथकर्ती

// सत्यापन //

मैं उपरनामांकित शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कुल कंडिका क्रमांक 01 से 07 तक दी गई जानकारी सत्य एवं सही है जिसे पढ़कर आज दिनांक 20.06.2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ती
रोशनी पाण्डेय



कार्यालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक/3301/निर्वा./वार्ड परिसीमन/न.पं./2024 भिंभौरी, दिनांक 08/07/2024

प्रपत्र
नियम 07 देखिए
नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भिंभौरी क्षेत्र को 15 वार्डो में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए है जो नगर पंचायत भिंभौरी कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध मे कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 09.07.2024 से 15.07.2024 (07 दिन ) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थानः- भिंभौरी
दिनांकः - 08.07.2024

(सरिता मढ़रिया )
तहसीलदार
भिंभौरी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)



कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2024/584 रिसाली, दिनांक 08/07/2024

निविदा सूचना

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से कुल 14 कार्यो हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लो.क.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्ते तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली



कार्यालय नगर पंचायत बारसूर
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)
ई-मेल barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/288/स्था.नि./न.पं./2024-25 बारसूर, दिनांक 09.07.2024

प्रपत्र
(नियम 7 देखिए)
नगरपालिका क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र को 15 वार्डो मे विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निधार्रण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए है, जो बारसूर नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में काई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सात दिन के भीतर लिखित रूप में (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान : बारसूर।
दिनांक :- 09/07/2024

नाम निर्दिष्ट अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर



कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./जोन-2/2024/137/81 भिलाई, दिनांकः 05/07/2024

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020, विद्युत एस.ओ. आर. 01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी करने की तिथि | - 05.07.2024 |
| 2. | आवेदन की अंतिम तिथि | - 26.07.2024 सायं 5:30 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - 01.08.2024 सायं 5:30 बजे तक |
| 4. | निविदा खोले जाने की तिथि | - 02.08.2024 |

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 22 ढांचा भवन कुरूद भिलाई के पास गार्डन निर्माण एवं ट्यूबलर पोल लगाने हेतु। | 12.01 | 9500.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 2. | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 19 राजीव नगर गुरूद्वारा के पास विभिन्न मार्गो में नाली सहित सीमेंटीकरण कार्य। | 7.87 | 7500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 3. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर एवं 26 रामनगर मुक्तिधाम में बोर खनन कार्य। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 4. | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर इंडोर स्टेडियम के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 5. | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड लाल पानी टंकी स्थित भवन का संधारण कार्य। | 3.94 | 4000.00 | 750.0 | 60 दिन |
| 6. | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर ईडब्ल्यूएस 191 से 202 एवं 247 से 260 में सीवर लाईन तथा चेम्बर संधारण कार्य। | 3.42 | 3500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 7. | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर एमआईजी 01 से 14 तक नाली संधारण कार्य। | 3.38 | 3500.00 | 750.00 | 60 दिन |
| 8. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 16 शास. कन्या उच्च. माध्य. शाला सुपेला में पाईप लाईन विस्तारीकरण कर अतिरिक्त सुविधा कार्य। | 3.00 | 3000.00 | 750.00 | 60 दिन |
| 9. | मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 14 शांतिनगर सड़क 15, चन्द्रनगर सड़क 10 एवं 14 में नाली संधारण कार्य। | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | 60 दिन |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।
संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें।
जल ही जीवन है, जल का सदउपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाए।
2. घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।
अपील: समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी / कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02


## पेज एक के शेष

### भाजपा की आज बड़ी बैठक...

ऑडिटोरियम को चुना गया है। इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री खट्टर को शाल, श्रीफल और बेल मेटल से निर्मित राजकीय पशु वनभैंसे की मूर्ति भेंटकर उनका सम्मान किया।

**त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों पर फोकस कर रही भाजपा :** बैठक में एक हजार से ज्यादा पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश विधानसभा और फिर लोकसभा चुनावों में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भाजपा अब लगभग तीन माह बाद प्रस्तावित नगरीय निकाय और उसके बाद होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों पर फोकस कर रही है। बैठक के लिहाज से पंजीयन से लेकर समापन तक का प्रारूप तैयार हो गया है।

### राष्ट्रीय पदाधिकारी और...

जिला संयोजक, निगम महापौर नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष को बैठक की अपेक्षित श्रेणी में रखा गया है।

### पीएम मोदी ने पुतिन से कहा...

की आकांक्षाओं को भी रखा। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में रूस द्वारा भारत की मदद का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब दुनिया खाद्य पदार्थों, ईंधन और उर्वरक की कमी का सामना कर रही थी, तब हमने अपने किसानों के समक्ष कोई समस्या नहीं आने दी और रूस के साथ हमारी दोस्ती ने इसमें भूमिका निभाई। मोदी ने कहा, हम चाहते हैं कि रूस के साथ हमारा सहयोग और बढ़े ताकि हमारे किसानों का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध लोगों को अत्यंत लाभ पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद की चुनौतियों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, भारत करीब 40 साल से आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। मैं आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा करता हूं।

### नीट पेपर लीक मामले में...

सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया था। इस शख्स की पहचान नंजुने धप्पा के रूप में हुई, जो छात्रों से पैसे लेकर उनके नंबर बढ़ाने का दावा करता था।

### चार दशक बाद खुलेगा...

रथ ने आज मीडिया को सूचना दी है 14 तारीख को जैसे ही रत्न भंडार खुलेगा तब खजाने की गिनती होगी। चार धामों में से एक जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में हुआ था। कलिंग वास्तुकला के आधार पर बने इस मंदिर में एक रत्न भंडार भी बनाया गया था।


आम-सूचना

सर्व साधारण/आम जन को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना पूर्व नाम हेमीन साहू पिता खम्मन साहू उम्र 33 वर्ष टिकरा पारा धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) को बदलकर रानू साहू कर लिया है तथा अब मैं रानू साहू के नाम से जानी-पहचानी जा रही हूँ। इसलिए नाम परिवर्तन करने की पुष्टि में न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) से प्रमाण पत्र जारी करने बाबत यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है।

अतः उपरोक्त नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति विशेष, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय, विभाग सहकारी बैंक, वित्तीय संसथान अथवा किसी भी विभाग संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति-दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति-दावा दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा विधि मान्य नहीं होगी।

दिनांक-10/07/2024

आवेदिका
हेमीन साहू पिता खम्मन साहू
टिकरा पारा धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)
आधार नंबर 9172 0898 6421
मोबाइल नंबर 6260358344



कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Website - www.nagarnigamdhamtari.com
Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

-:: रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/कार्य.अभि./स्व.भा.मि./ई.ओ.आई./2024/1143 धमतरी, दिनांक 09/07/2024

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत दानीटोला वार्ड स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड में निकाय का C&D Waste (सड़क बाधा) प्लांट का निर्माण किया गया है। निकाय में जब्त C&D Waste (सड़क बाधा) से विभिन्न प्रकार के पेयर ब्लॉक, गमला, Low line Area filling हेतु उपयोग किया जाना है। जिस हेतु इच्छुक स्व सहायता समूह/ फर्म / ठेकेदार, आदि से जो कार्य करने इच्छुक हो, रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 25/7/2024 को सांय 5.30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। ई.ओ.आई. प्रस्ताव के साथ आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से राशि 10000.00 रुपये का FDR जमा करना होगा। प्राप्त ई.ओ.आई. प्रस्ताव दिनांक 26.07.2024 को प्रातः 11.30 बजे खोली जायेगी।

कार्य से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के डाटा सेंटर से प्राप्त की जा सकती है। संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी



प्रपत्र
( नियम 7 देखिए )
नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला- दुर्ग क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र को 24 वार्डो में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सात दिन के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेगे ।

स्थान- कुम्हारी, दुर्ग
दिनांक - 09/07/2024

श्री रवि विश्वकर्मा )
नायब तहसीलदार
तहसील- भिलाई-3
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
नाम निर्दिष्ट अधिकारी का नाम, पद एवं स्थान



कार्यालय नायब तहसीलदार मारो बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./2062/ निर्वा. / वार्ड परिसीमन / न.पं. मारो/ 2024 मारो, दिनांक 08/07/2024

// प्रपत्र //
नियम 07 देखिए
नगर पंचायत मारो क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत मारो क्षेत्र को 15 वार्डो में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जो नायब तहसीलदार मारो/नांदघाट कार्यालय एवं नगर पंचायत मारो कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 09.07.2024 से 15.07.2024 (07 दिन) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किये जा सकेंगें।

स्थान- मारो दिनांक
08.07.2024

(प्रांजल प्रजापति)
नायब तहसीलदार एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारी मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

## शब्द पहेली - 5567



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5566 का हल



## सूडोकू नवताल - 5578

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5577 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

परंपरा

शिव कुमार पांडेय

# बस्तर अंचल में गांवों नामकरण और उनका महत्व





बस्तर के गांवों की बसाहट का अंतर उनके नाम में स्पष्ट झलकता है। जिस गांव में मिश्रित जाति, जनजाति वर्ग के लोग रहते हैं, उन गांव का नाम हल्बी में रखी जाती है। जिन गांव में मुरिया जनजाति के साथ अन्य जाति यथा कलार, मरार, हल्बा, अंदकुरी आदि लोग निवास करते हैं, वे पहले अपनी जातिगत बोली में बात करते थे, बाद में इन जातिगत बोलियों का स्थान हल्बी ने ले लिया। उदाहरण के लिए मिश्रित गांवों के नाम उड़िद गांव यह गांव जरूर उड़द उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रहा होगा। टेमरू गांव में तेंदू के वृक्ष अधिक रहे होंगे। इसी तरह बेलगांव, कानागांव, खोड़गांव, खड़कागांव नाम से स्पष्ट हो जाता है कि इन गांव का नाम संबंधित नामों के आधार पर तय किए गए होंगे। गोंडी में नार का अर्थ गांव होता है, जैसे नियानार, कुरुशनार, चिंगनार। इसी तरह वृक्षों, पशु पक्षियों, देवी देवताओं, नदी पर्वत से जुड़ी घटनाओं को स्मरण करने के उद्देश्य से इस तरह गांवों के नामकरण पर बल दिया गया।

सुरता

डा. मुक्ति बैस

# चिंतनशील व्यक्तित्वों में रहे विष्णु शरण दास

छत्तीसगढ़ अंचल के सरायपाली क्षेत्र में ग्राम पझरापाली के वैष्णव परिवार में विष्णु शरण दास का जन्म हुआ था। आप महान साहित्यकार एवम विचारक थे। आप हिंदी, छत्तीसगढ़ी और उड़िया भाषा के अच्छे जानकार थे। पूरे छत्तीसगढ़ में आपकी साहित्यिक पहचान रही। आप गहन और गंभीर विषयों को सरल और रुचिकर बना कर प्रस्तुत करते थे। आपने संत विनोबा भावे के भूमिदान आंदोलन में सक्रिय सहयोग किया था। आपको इनमें आशातीत सफलता भी मिली थी। इसके साथ ही लोगों की समस्याओं का कुशलतापूर्वक समाधान भी करते थे। आपकी कुटिया में लोगों का हमेशा आना जाना लगा रहता था। आपकी कविताओं में गूढ़ अर्थों की सरल अभिव्यक्ति होती थी। आपने तात्कालीन रायपुर जिले का भूगोल भी लिखा, जो पाठ्यक्रम में उन दिनों चलता था। आपकी साहित्यिक रचनाओं में पंचविशिका, प्राणाधिके, यमुना तीरे, युगे युगे, और ज्ञान गंगा चर्चित रही। समाज सेवा करते आप 7 नवंबर 1988 को अपना नश्वर शरीर को छोड़ गए।



## पुस्तक समीक्षा

# डोंगरपाली

(छत्तीसगढ़ी उपन्यास)




कृति के नाव
डोंगरपाली (छत्तीसगढ़ी उपन्यास)

लेखक
चंद्रशेखर चकोर

प्रकाशक
मिलन ऑफसेट रायपुर

पुस्तक समीक्षा
चम्पेश्वर गोस्वामी

मूल्य
पांच सौ रुपया

| मुंगेली एमजीई [सीटी] | हेमन कश्यप | XXXXXXXXXXX9714 | 36843 | 07-06-24 | 10.000 | 9.500 |
| नगरी सी 3247 [सीटी] | बसंत हिरवानी | XXXXXXXXXXX2486 | 160034 | 08-05-24 | 43.300 | 42.300 |
| नारायणपुर [सीटी] | मनोज नाग | XXXXXXXXXXX2756 | 67968 | 07-06-24 | 18.000 | 17.500 |
| राजेंद्र नगर, बिला. [सीटी] | आशीष कुमार आनंद | XXXXXXXXXXX9724 | 73183 | 07-06-24 | 16.100 | 16.000 |
| रामानुजगंज बीएलआर [सीटी] | मंजू देवी दास | XXXXXXXXXXX3791 | 51032 | 09-11-23 | 28.100 | 26.600 |
| सरायपाली महा. [सीटी] | नंदिनी चौहान | XXXXXXXXXXX9804 | 45358 | 07-06-24 | 12.000 | 11.200 |
| सारंगढ़ सी4585 [सीटी] | कमल साहू | XXXXXXXXXXX8464 | 40131 | 30-05-23 | 9.700 | 9.060 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/नीलामी तिथि बदलने का अधिकार है। नीलामी दोपहर **12.30 बजे से 3.30 बजे (समय)** के बीच ऑनलाइन **https://gold.samil.in** (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट **https://gold.samil.in** (ऑनलाइन विक्रेता की वेबसाइट) पर लॉग इन करें।

**दिनांक : 10.07.2024**
**स्थानः कोलकाता**

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### गोदरेज इंडस्ट्रीज में बेची आरकेएन ने हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह की कंपनी आरकेएन एंटरप्राइजेज ने गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 3,803 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के सदस्यों को बेच दिए। यह बिक्री अप्रैल में घोषित गोदरेज परिवार के निपटान समझौते के तहत हुई है। बीएसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, आरकेएन एंटरप्राइजेज ने कुल 4,25,83,272 शेयर बेचे, जो गोदरेज इंडस्ट्रीज में 12.65 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

### पूर्व रेलवे ने यात्रियों से कमाया 953 करोड़ रुपए



**कोलकाता।** पूर्व रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यात्री राजस्व से 953 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। एक रेल अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कोलकाता स्थित मुख्यालय वाले पूर्व रेलवे ने एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले यात्री आवागमन से राजस्व में 9.97 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। पूर्व रेलवे के अधिकारी ने एक बयान में कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यात्री राजस्व 953.24 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 866.79 करोड़ रुपये रहा था।'

### डायमंड पावर को अदाणी एनर्जी से मिला ऑर्डर




**नई दिल्ली।** डायमंड पावर स्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से कंडक्टर की आपूर्ति के लिए करीब 900 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है। डीपीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अदाणी एनर्जी से उसे नई पीढ़ी के एल्युमिनियम अलॉय कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 899.75 करोड़ रुपये मूल्य का ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर को अप्रैल, 2025 तक पूरा करना है।

### अश्विन ग्रुप की 5000 करोड़ रुपए निवेश की योजना



मुंबई। रियल एस्टेट कंपनी अश्विन शेठ ग्रुप ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए करीब 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि वह अगले 18-24 महीने में अपना पहला आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) भी लाएगी। मुंबई स्थित कंपनी ने कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की है, जो वित्त वर्ष 2022-23 से तीन गुना अधिक है।

### एलएंडटी को हिंदुस्तान शिपयार्ड से मिला ठेका




**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो 'फ्लीट सपोर्ट शिप' (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का 'बड़ा' ठेका मिला है। एलएंडटी ने अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। उसकी परियोजना वर्गीकरण के अनुसार किसी बड़े ठेके का मूल्य 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, 'लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के 'प्रेसिजन इंजीनियरिंग सिस्टम्स' व्यवसाय को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है।

# थर्ड पार्टी ऐप्स से अब नहीं कर पाएंगे भुगतान, आरबीआई ने बंद की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक सप्ताह पहले यानी 1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव हुआ है। अब रजिर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस हालिया बदलाव के तहत क्रेडिट कार्ड के बकाया बलि के भुगतान के तरीके में थोड़ा फेरबदल किया है। केंद्रीय बैंक के नए नयिम के अनुसार सभी थर्ड पार्टी ऐप्स जैसे फोन पे, अमेजन पे और पेटीएम के जरिए क्रेडिट कार्ड बिल का पेमेंट नहीं किया जा सकेगा। अगर आप भी अब तक इन थर्ड पार्टी ऐप के जरिए पेमेंट करते रहे हैं तो अब आपको भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) का यूज करना होगा। इसे नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से मैनेज किया जाता है।

## एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के कस्टमर को बड़ा झटका

### करोड़ों क्रेडिट कार्ड कस्टमर पर पड़ेगा असर

इसका सबसे ज्यादा असर एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के करोड़ों क्रेडिट कार्ड ग्राहकों पर पड़ने वाला है। दरअसल, इन दोनों ही बड़े बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर अब सीआरईडी, फोनपे, अमेजान, और पेटीएम जैसे ऐप से अपने बिल का पेमेंट नहीं कर सकेंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है दरअसल एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक अभी तक भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) प्लेटफॉर्म से नहीं जुड़े हुए हैं।




### इन बैंकों में मिल रही सुविधा

1 जुलाई 2024 तक एसबीआई, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, आईडीबीआई बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, फेडरल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और सरस्वत बैंक बीबीपीएस पर लाइव हैं।

### इन बैंकों का इंटीग्रेशन पाइपलाइन में

इसके अलावा एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और यस बैंक बीबीपीएस से इंटीग्रेशन के प्रोसेस पर काम कर रहे हैं।

### क्या है बीबीपीएस प्लेटफॉर्म

भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) को रिजर्व बैंक की तरफ से डेवलप कयिा गया है। इसका मकसद कारोबारियों और ग्राहकों के लिए पेमेंट कलेक्ट करने के प्रोसेस को आसान करना है। बीबीपीएस की वजह से कस्टमर बैंक शाखाओं और पेमेंट जमा करने वाली दुकानों के जरिए या फिर ऐप व वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल तरीकों से आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। इस सिस्टम से जल्दी पेमेंट होने का भरोसा मिलता है। यह कई तरह के पेमेंट मोड को स्वीकार करता है, जिससे यह और ज्यादा सुविधाजनक हो जाता है।

## वाहन टायर विनिर्माता संघ ने की मांग

# बजट में 'कबाड़' टायर के आयात पर अंकुश लगाने के उपाय करे सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने मंगलवार को कहा कि भारत में कबाड़ टायर के आयात पर अंकुश लगाने की जरूरत है। निकाय ने कहा कि देश कबाड़ टायर का 'डंपिंग ग्राउंड' बनता जा रहा है। एटीएमए ने वित्त मंत्रालय को अपनी बजट-पूर्व अनुशंसाओं में कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से भारत में बेकार/कबाड़ टायर का आयात पांच गुना से अधिक बढ़ गया है।

- कबाड़ टायर का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा भारत

इसमें कहा गया, कबाड़ टायर का ऐसा अंधाधुंध आयात न केवल पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है, बल्कि यह विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) विनियमन के उद्देश्य को भी कमजोर करता है।

**खास बातें**

- वर्ष 2020-21 के बाद से कबाड़ टायर का आयात पांच गुना बढ़ा
- अंधाधुंध आयात पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक



### एमएसएमई के भुगतान नियम में दे सकती है ढील सरकार

सरकार बड़ी कंपनियों को अन्य स्रोतों की ओर देखने से रोकने के लिए वस्तुओं व सेवाओं की खरीद के 45 दिन के भीतर एमएसएमई को भुगतान करने की आवश्यकता में ढील दे सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसकी घोषणा बजट में की जा सकती है।

### टायर विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक

यह नियम जुलाई, 2022 से लागू है। एटीएमए के चेयरमैन अर्नब बनर्जी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, 'भारत में बेकार/कबाड़ टायर के आयात पर नीतिगत उपायों के जरिये अंकुश लगाने की आवश्यकता है ....।' उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में अग्रणी टायर विनिर्माताओं में से एक के रूप में उभरा है, जहां घरेलू स्तर पर टायर का विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक पर पहुंच गया है।

### टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 फीसदी

इसमें दावा किया गया, 'मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 प्रतिशत है, जबकि देश में टायर का आयात और भी कम शुल्क (तरजीही शुल्क) पर किया जाता है। इसके प्रमुख कच्चे माल, यानी प्राकृतिक रबड़ पर मूल सीमा शुल्क बहुत अधिक (25 प्रतिशत या 30 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी कम हो) है।'

### 40 फीसदी प्राकृतिक रबर की जरूरत आयात से पूरी

देश में पर्याप्त घरेलू एंड ऑफ लाइफ टायर (ईएलटी) क्षमता उपलब्ध है। एटीएमए ने अपनी बजटीय अनुशंसा में देश में घरेलू मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए प्राकृतिक रबड़ (एनआर) के शुल्क मुक्त आयात की भी मांग की है। इसमें कहा गया, घरेलू स्तर पर निर्मित प्राकृतिक रबड़ की अनुपलब्धता के कारण टायर उद्योग की करीब 40 प्रतिशत प्राकृतिक रबड़ की आवश्यकता आयात से पूरी होती है।

### प्राकृतिक रबर पर शुल्क अधिक

भारत में प्राकृतिक रबड़ के आयात पर शुल्क की उच्चतम दर उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता को प्रभावित करती है। एटीएमए ने टायर के प्रमुख कच्चे माल, प्राकृतिक रबड़ पर उलट शुल्क ढांचे के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

# गेमिंग उद्योग में 20 फीसदी का उछाल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय गेमिंग उद्योग चालू वित्त वर्ष 2024-25 तक 20 प्रतिशत बढ़कर 23,100 करोड़ रुपये पर पहुंचने के लिए तैयार है। ग्रांट थॉर्नटन भारत और ई-गेमिंग फेडरेशन की रिपोर्ट में मंगलवार को यह अनुमान जताया गया। रिपोर्ट में उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में ऑनलाइन गेमर्स की संख्या चीन से आगे निकलकर 44.2 करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें गेमिंग उद्योग के लिए एक व्यापक आचार संहिता (सीओसी) की वकालत की गई, जो जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिक व्यवहार के स्पष्ट मानक निर्धारित करती हो। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में गतिशील गेमिंग परिदृश्य एक जीवंत युवा जनसांख्यिकी के कारण है और यह अभूतपूर्व वृद्धि के लिए तैयार है।

- ग्रांट थॉर्नटन भारत और ई-गेमिंग फेडरेशन ने जारी की रिपोर्ट

### वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर जुटाए

पिछले पांच वर्षों में भारतीय गेमिंग उद्योग ने घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में उपयोगकर्ताओं ने रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) पर प्रति सप्ताह औसतन 8.5 घंटे खर्च किए, और यह खंड उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रहा है।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है।

- आरबीआई ने जारी किया आंकड़ा

मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर 'उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े' शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। यहां केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है। आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है।इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में 'कृषि, शिकार, वानिकी और मछली' क्षेत्र ने 25.3 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार दिया था। यह आंकड़ा 2021-22 में 24.82 करोड़ था। इसके अलावा उल्लेखीय रोजगार देने वाले क्षेत्रों में निर्माण, व्यापार तथा परिवहन और भंडारण शामिल थे।




### दस्तावेज शोध को बढ़ावा देने तैयार

*आरबीआई ने कहा कि दस्तावेज 'भारत केएलईएमएस डेटाबेस संस्करण-2024' को आर्थिक वृद्धि और इसके प्रमुख क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।*

# सेंसेक्स 391 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। वाहन और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से एनएसई निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 391.26 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। निफ्टी भी 112.65 अंक की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू एवं वैश्विक दोनों कारक बाजार को दिशा दे रहे हैं। फिलहाल एफएमसीजी और वाहन जैसे खपत-आधारित उद्योग इस तेजी की अगुवाई कर रहे हैं और मानसून एवं खरीफ की बुवाई से उसे समर्थन मिल रहा है।'

- वाहन और एफएमसीजी के शेयरों में आई तेजी



### मारुति का शेयर करीब सात फीसदी चढ़ा

घरेलू बाजार में वाहन कंपनियों के शेयरों की मंगलवार को भारी मांग रही और मारुति सुजुकी इंडिया का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई पर मारुति का शेयर 6.60 प्रतिशत चढ़कर 12,820.20 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 7.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,955 रुपये पर पहुंच गया था।

### बाजार पूंजीकरण 451.27 लाख करोड़ रुपये

शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को 451.27 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को निवेशकों की संपत्ति में 1.56 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# लेलैंड ने किया तमिलनाडु में 'रोड टू स्कूल' का विस्तार

चेन्नई। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल 'रोड टू स्कूल' कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य सामाजिक सशक्तीकरण के साधन के रूप में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।



## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर ने एएसआई के साथ वर्कशॉप का किया आयोजन

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने एएसआई के साथ मिलकर स्तन और थायराइड कैंसर पर वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बालको मेडिकल सेंटर की क्लिनिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. मौ रॉय और पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सुभाष अग्रवाल ने किया। जिसमें मध्य भारत के कई अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजेस से 26 डॉक्टर्स ने भाग लिया। जिसमें बालको मेडिकल सेंटर के उच्च शैक्षणिक मानकों और समर्पण पर प्रकाश डाला गया। इस वर्कशॉप में बालको मेडिकल सेंटर के कैंसर सर्जन्स डॉ. मौ रॉय, डॉ. अजित अग्रवाल, डॉ. रश्मि राय, डॉ. दीपांजन बिस्वास, डॉ. नूपुर प्रिया, डॉ. श्रवण नाडकर्णी व डॉ. दीपमाल्या चटर्जी ने कैंसर सर्जरी और उससे जुड़ी बारीकियों के बारे में लाइव सर्जिकल वर्कशॉप के माध्यम से विस्तार में बताया।



### एसबी सेंट्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के मेगा रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट एसबी सेंट्रम में पिछले कई दिनों से वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है। जहां वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेशभर से विजिटर्स ने साइट विजिट कर स्पाट बुकिंग की और पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान किया। सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के डायरेक्टर संजय बघेल के अनुसार रायपुर और भिलाई के मध्य चरोदा स्थित एसबी सेंट्रम का निर्माण विश्व स्तरीय मानक को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। जहां न केवल विश्वस्तरीय कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है बल्कि विश्वस्तरीय बंगले का भी निर्माण किया जा रहा है।



### केएससी टेक्नो के उत्पाद किसानों में लोकप्रिय

**रायपुर।** कीटनाशक उद्योग की अग्रणी कंपनी केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड, कीटनाशक, माइक्रोन्यूट्रियंट एवं बीज बनाने वाली कंपनी है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक सुनीत चतुर्वेदी ने बताया कि कंपनी छत्तीसगढ़ में पिछले एक वर्ष से अपना व्यवसाय कर रही है। कंपनी के 50 से अधिक प्रोडक्ट्स को किसानों का बेहतर रिस्पांस मिला है। वहीं, कंपनी के धान, गेहूं, सूरजमुखी, सरसों के बीज इत्यादी को किसानों ने काफी पसंद किए है। उन्होंने बताया कि हमारी कंपनी के फसल सुरक्षा के लिए उत्तम प्रोडक्ट जैसे स्कॉर्ट, उर्वरा गोल्ड (ग्रेनुअल एवं तरल), साथ ही फफुंदनाशक में उत्तम प्रोडक्ट मॉनीटर जो मार्केट में धूम मचा रहा है। स्कॉर्ट नामक प्रोडक्ट जो धान के तना छेदक को नियंत्रण करने में सहायक है। वहीं, उर्वरा गोल्ड पौधे को शक्ति एवं जलवायु के विपरीत परिस्थिति से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।



### कैप्टनबिज़ ने मोबाइल ऐप पर असीमित ई-इनवॉइस और ई-वे बिल किए लांच

**रायपुर।** प्रमुख फिनटेक-सास प्लेटफॉर्म कैप्टनबिज़ ने अपने एंड्रॉइड मोबाइल ऐप और वेब ब्राउज़र पर ई-इनवॉइस और ई-वे बिल उत्पन्न करने के लिए अपने व्यापक सूट के लांच की घोषणा की है, जिसमें आईओएस संस्करण भी जल्द ही लांच होगा। यह प्लेटफॉर्म एमएसएमई के व्यापार प्रबंधन को सहज और कुशल बनाने में सहायक है। अनुकूलित इनवॉइसिंग और शिपिंग प्रक्रियाएँ एमएसएमई को अपने संचालन को सुचारू रूप से चलाने, इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने और नियमों का पालन करने की अनुमति देंगी।कैप्टनबिज़ के सहज इंटरफेस और स्मार्ट ऑटोमेशन के साथ, व्यवसाय अब कैप्टनबिज़ मोबाइल ऐप या वेब ब्राउज़र पर एक ही पंजीकरण के साथ खुद को आसानी से ऑनबोर्ड कर सकते हैं।

## अधिकारियों का दावा, भारत में अब भी यह काफी सस्ता है

# कंगाल पाकिस्तान में भारत से सस्ती है मोबाइल सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने मोबाइल टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की है। इससे महंगाई से जूझ रहे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। विश्लेषकों का कहना है कि इससे शहरी इलाकों में टेलिकॉम सर्विसेज पर खर्च वित्त वर्ष 2025 में कुल घरेलू खर्च का 2.8 फीसदी हो जाएगा। ग्रामीण परिवारों के लिए यह 4.5 फीसदी से बढ़कर 4.7 फीसदी हो जाएगा। लेकिन सरकार और टेलिकॉम रेगुलेटर ट्राई ने कहा है कि टेलिकॉम कंपनियां टैरिफ फिक्स करने के लिए स्वतंत्र हैं और उनका इस मामले में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि भारत में मोबाइल टैरिफ अब भी दुनिया के अधिकांश देशों से सस्ता है।

- भारत की तुलना में पाकिस्तान में यह सेवा सस्ती है



### अमेरिका में रिचार्ज प्लान करीब 4000 रुपए का

अमेरिका में मिनिमम मोबाइल रिचार्ज प्लान 49 डॉलर यानी करीब 4000 रुपए का है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया में इसके लिए यूजर्स को 20.1 डॉलर, साउथ अफ्रीका में 15.8 डॉलर, यूके में 12.5 डॉलर, रूस में 6.55 डॉलर, ब्राजील में 6.06 डॉलर, इंडोनेशिया में 3.29 डॉलर, मिस्र में 2.55 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं।

### अब जियो का मिनिमम सर्विस चार्ज 189 रुपए

हालिया बढ़ोतरी के बाद रिलायंस जियो का मिनिमम सर्विस चार्ज 139 रुपए से बढ़कर 189 रुपए हो गया है। इसमें 28 दिन की वैलिडिटी और दो जीबी डेटा शामिल है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया का भी मिनिमम सर्विस चार्ज 179 रुपए से बढ़कर 199 रुपए हो गया है। लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में महीनेभर के लिए अनलिमिटेड वॉयस और 18 जीबी डेटा के लिए आपको 1.89 डॉलर यानी करीब 157 रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

### पाकिस्तान में सस्ती है सेवा

सरकार ने कई देशों में मोबाइल टैरिफ के बारे में डिटेल जानकारी देते हुए भारत से उनकी तुलना की है। इन आंकड़ों के मुताबिक चीन में मिनिमम सर्विस के लिए यूजर्स को 8.84 डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। अफगानिस्तान में यह राशि 4.77 डॉलर, भूटान में 4.62 डॉलर, बांग्लादेश में 3.24 डॉलर और नेपाल में 2.75 डॉलर है। यानी इन देशों में मोबाइल टैरिफ भारत से महंगा है। दूसरी ओर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में मोबाइल यूजर्स को अपनी सर्विस बनाए रखने के लिए मिनिमम 1.39 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। यानी पाकिस्तान में मोबाइल टैरिफ भारत से सस्ता है।

### बीएसएनएल प्राइस रेगुलेटर की तरह काम करता था

यह रेट सरकारी कंपनी बीएसएनएल का है। बीएसएनएल पहले एक प्राइस रेगुलेटर की तरह काम करता था। इससे प्राइवेट कंपनियां टैरिफ बढ़ाने से बचती थीं। लेकिन कंपनी 4-जी और 5-जी सर्विसेज के मामले में निजी कंपनियों के साथ होड़ करने की स्थिति में नहीं है।

# पूजा-राधा की घातक गेंदबाजी, भारत ने द.अफ्रीका को 10 विकेट से दी मात



पूजा वस्त्राकर | 04 विकेट | 00 मेडन | 13 रन | 3.1 ओवर
प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और साउथ अफ्रीका की महिला टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी और निर्णायक मुकाबला में खेलने उतरी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और मेहमान टीम को महज 84 रन पर ढेर कर दिया। पूजा वस्त्राकर और राधा यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए आपस में मिलकर 7 विकेट निकाले।

पहला मैच साउथ अफ्रीका ने जीता था जबकि दूसरा मुकाबला बारिश की वजह से पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने 10 विकेट से मैच जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।भारतीय टीम को लक्ष्य हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। स्मृति मंधाना (54*) और शैफाली वर्मा (27*) ने आसान जीत दिला दी।




### पूजा ने 4 और राधा ने लिए 3 विकेट

साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की गेंदबाजों ने गजब का खेल दिखाया। पहले गेंदबाजी करते हुए 17.1 ओवर में पूरी टीम को महज 84 रन के स्कोर पर समेट दिया। पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की जोड़ी ने मिलकर आधी से ज्यादा प्रोटियाज टीम का सफाया कर दिया। पूजा ने 3.1 ओवर में महज 13 रन देकर 4 विकेट झटके। राधा ने 3 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 6 रन खर्चे और 3 विकेट अपने नाम किए।

### द. अफ्रीकी बल्लेबाजी बिखरी

ताजमिन ब्रिट्स, मारिजैन कप्प और एनेके बॉश के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाया। ब्रिट्स ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए जबकि बॉश ने 17 रन की पारी खेली। मारिजैन ने 10 रन की उपयोगी पारी खेली। टीम के इन तीन बैटर को छोड़ दें तो बाकी के 8 नाम दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाए।

### झूलन के बाद पूजा के पूरे हुए 50 विकेट

पूजा झूलन गोस्वामी के बाद सिर्फ दूसरी भारतीय महिला गेंदबाज बनी हैं, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 विकेट पूरे किए हैं। झूलन ने भारत के लिए 68 टी-20 मैच खेले थे और उन्होंने इस दौरान 56 विकेट अपने नाम किए थे। भारत के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट दीप्ति शर्मा ने लिए हैं। उन्होंने 112 मैच में 121 विकेट अपने नाम किए हैं।

### मंधाना का धमाकेदार फॉर्म जारी

मंधाना सभी प्रारूप में कमाल कर रही हैं। उन्होंने पहले वनडे में 127 गेंद में 117 रन बनाए थे। दूसरे मुकाबले में भी उनका बल्ला गरजा और वह 120 गेंद में 136 रन बनाने में सफल रहीं। तीसरे वनडे में वह 83 गेंद में 90 रन बनाकर आउट हुईं। एकमात्र टेस्ट में उन्होंने 149 रन जड़े। पहले टी-20 में उन्होंने 30 गेंद में 46 रन बनाए थे। तीसरे मुकाबले में उन्होंने 40 गेंद का सामना करते हुए 54* रन बनाए।

## क्रिकेट : तीसरा मैच आज भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से

# टी-20 सीरीज में बढ़त बनाने आज भिड़ेंगी भारतीय-जिम्बाब्वे की टीम

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच आज 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

पहले मैच में जिम्बाब्वे को 13 रन से जीत मिली थी, वहीं दूसरे मुकाबले में शुभमन गिल की टीम ने शानदार वापसी करते हुए 100 रन से जीत दर्ज की थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लीव ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।



### जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 10 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 7 जीत मिली है, जबकि 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इनमें से 9 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए हैं। भारत ने जिम्बाब्वे की धरती पर 6 मैच में जीत दर्ज की है और 3 में हार झेली है। दिलचस्प रूप से भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कोई टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

रजा ने पिछले 10 टी-20 मुकाबलों में 127.63 की स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। अभिषेक ने इस सीरीज के 2 मुकाबलों में 196.07 की स्ट्राइक रेट और 50 की औसत से 100 रन बनाए हैं। गायकवाड़ के बल्ले से 2 मैच में 150 की स्ट्राइक रेट से 84 रन निकले हैं। मुजारबानी ने पिछले 10 मुकाबलों में 13 विकेट झटके है, वहीं बिश्नोई के नाम पिचले 2 मैच में 3 की इकॉनमी से 6 विकेट है।


FORM NO. IV
[See sub-rule (2A) of rule 5]
Summons under Sub-Section (4) of Section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of Rule 5 of the Debt Recovery Tribunal

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL AT JABALPUR**

(H.No. 797-II, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur M.P.)

O.A. NO. 61/2024

Bank of Maharashtra - ....Applicant (s)

VERSUS

Mr. Priyank Chandrakar and Others: ....Defendant(s)

1. Mr. Priyank Chandrakar
S/o Laxman Chandrakar, H.No. 147, station Road, near gayatri mandir, Gurudwara Road, Near Mohan Nagar Police station District Durg (CG) 491001
2. Mr. Ashok Chandrakar
S/o Sukal Chandrakar, 568, Ward no. 33, Village-Sirsakala, Bhilai, Charoda, Tehsil-Patan, District Durg (CG)-490021
3. Smt Rama Chandrakar
W/o Krishna Chandrakar, Village-331, Tikrapara, Sirsakala, Bhilai, Charoda, Tehsil-Patan, District Durg 490021

PUBLICATION

Whereas, OA No. 61/2024 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 05.02.2024.

Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(1) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 2,99,26,024/- with expenses & further interest.

In accordance with sub-section (1) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:-

i. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.

ii. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.

iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.

iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and /or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.

v. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before registrar on 30/07/24 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this tribunal on this 21st day of June, 2024.

SEAL

Registrar
Debts Recovery Tribunal,
Jabalpur


विम्बलडन

# टेलर फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, जोकोविच भी जीते



एजेंसी ▶▶| लंदन

अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर विम्बलडन पुरूष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जो पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम आठ में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज को विम्बलडन 2022 में रफेल नडाल ने हराया था।

### डि मिनौर भी पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने होल्गर रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। दर्शक रूने के नाम के नारे लगा रहे थे और जोकोविच की हूटिंग भी हुई लेकिन इससे वह विचलित नहीं हुए।

### बावुमा की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलेगा उतरेगी द.अफ्रीका

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 7 अगस्त से शुरू हो रही 2 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को पहली बार टीम का हिस्सा बनाया गया है। रयान रिकेल्टन की भी टीम में वापसी हुई हैं। तेंबा बावुमा टीम के कप्तान होंगे और मार्को यानसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है।

### ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम

वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ 10 जुलाई से टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। इसके बाद वह इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर सकती है। ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम: तेंबा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोरजी, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, डेन पीट, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेरिन।

# इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट आज से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 10 जुलाई से होने जा रहा है। पहला टेस्ट ऐतिहासिक लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का आखिरी टेस्ट मैच होगा। ऐसे में इंग्लैंड की टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स होंगे और वेस्टइंडीज की कमान क्रेग ब्रेथवेट संभालेंगे। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई से लॉड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 3:30 बजे से शुरू होगा।





### डोना वेकिच पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेफा में



लंदन। क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया। वह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही हैं लेकिन इससे पहले कभी अंतिम चार में नहीं पहुंची थी। वेकिच विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशिया की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1999 में मिरजाना लुसिक ऑल इंग्लैंड क्लब में अंतिम चार में पहुंची थी। सन ओपन युग में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी बनी थी।


## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल



श्री ओ. पी. चौधरी

**वृत्त - रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर एवं दुर्ग अन्तर्गत ऑनलाईन के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति**

**आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024**

**राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र - नवा रायपुर अटल नगर में ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आधार पर उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवन के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सेक्टर-12 नवा रायपुर अटल नगर | सिनी. एम.आई.जी. (वेटर+कॉर्नर) | 01 | 2362.90 | 2035.58 | 80.00 | 8.00 |
| 2. | | सिनी. एम.आई.जी. (वेटर+कॉर्नर) | 01 | 1307.34 | 1162.40 | 46.36 | 4.64 |

**प्रक्षेत्र - कवर्धा में ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आधार पर जहां है जैसा है स्थिति में उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवन के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | अटल आवास योजना कोपेभाटा गंडई, जिला - कवर्धा | अटल आवास | 06 | 558.33 | 280.14 | 2.60 | 0.25 |

**प्रक्षेत्र-2 शंकर नगर रायपुर में ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आधार पर विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवन के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | सामान्य आवास योजना, नरदहा रायपुर | एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन | 16 | 903.84 | 633.76 | 16.41 | 0.50 |
| 5. | | एम.आई.जी.-1 स्वतंत्र भवन | 09 | 1162.08 | 1088.91 | 25.53 | 2.55 |
| 6. | सामान्य आवास दीनदयाल आवास मुनगी, रायपुर | एल.आई.जी. स्वतंत्र | 09 | 899.75 | 449.98 | 8.50 | 0.50 |

**प्रक्षेत्र-धमतरी में ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आधार पर जहां है जैसा है स्थिति में विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवनों के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 7. | अटल विहार योजना पोटियाडीह, धमतरी | जूनि. एल.आई.जी. | 01 | 1694.70 | 1017.57 | 32.22 | 3.22 |
| 8. | | एल.आई.जी. | 02 | 903.84 | 574.58 | 11.00 | 0.50 |
| 9. | नीलगीरी हाईट्स, मण्डीनाका हटकेशर, धमतरी | 2 बीएचके फ्लेट क्र.-8, 9 और 11 | 03 | - | 572.64 | 13.95 | 1.40 |
| 10. | | 1 बीएचके (तृतीय तल) फ्लेट क्र.-13 | 01 | - | 349.48 | 8.35 | 0.50 |
| 11. | | 2 बीएचके (चतुर्थ तल) फ्लेट क्र.-14 से 17 | 04 | - | 572.64 | 13.65 | 1.37 |
| 12. | अटल आवास, कन्हारपुरी, कुरूद | अटल आवास | 15 | 560.00 | 280.00 | 2.25 | 0.259 |
| 13. | अटल विहार योजना, चिरौद, बालोद | सीनि. एम.आई.जी. 1 (डुप्लेक्स) | 01 | 2041.71 | 1423.80 | 28.10 | 2.81 |
| 14. | | सीनि. एम.आई.जी. 2 | 02 | 2041.71 | 1076.00 | 23.70 | 2.37 |
| 15. | | जूनि. एम.आई.जी. 1 (डुप्लेक्स) | 03 | 1507.70 | 1177.64 | 22.38 | 2.24 |
| 16. | | एल.आई.जी. फ्लेट | 22 | - | 557.25 | 7.80 | 0.50 |
| 17. | | ई.डब्ल्यू.एस. फ्लेट | 03 | - | 403.00 | 4.00 | 0.25 |
| 18. | अटल विहार योजना, चिरौद, बालोद (अर्द्धनिर्मित) | सीनि. एम.आई.जी.-1 | 04 | 2041.71 | 1423.80 | 15.53 | 1.55 |
| 19. | | सीनि. एम.आई.जी.-2 | 05 | 2041.71 | 1076.00 | 14.24 | 1.42 |
| 20. | | सीनि. एम.आई.जी.-2 | 02 | 2041.71 | 1076.00 | 17.34 | 1.73 |
| 21. | | सीनि. एम.आई.जी.-2 | 01 | 2041.71 | 1076.00 | 15.66 | 1.57 |
| 22. | | जूनि. एम.आई.जी.-1 | 21 | 1507.70 | 1177.64 | 10.48 | 1.05 |
| 23. | | जूनि. एम.आई.जी.-2 | 30 | 1507.70 | 982.90 | 10.06 | 1.01 |
| 24. | परिजात हाईट्स, मण्डीनाका हटकेशर, धमतरी | फ्लेट 01 (2 बीएचके) प्रथम तल | 01 | - | 684.34 | 19.32 | 1.93 |
| 25. | | फ्लेट 05 (2 बीएचके) तृतीय तल | 01 | - | 690.36 | 18.21 | 1.82 |
| 26. | | फ्लेट 08 (2 बीएचके) तृतीय तल | 01 | - | 678.20 | 17.89 | 1.79 |
| 27. | | फ्लेट 09 (2 बीएचके) तृतीय तल | 01 | - | 690.36 | 18.21 | 1.82 |
| 28. | | फ्लेट 12 (2 बीएचके) तृतीय तल | 01 | - | 678.20 | 17.89 | 1.79 |
| 29. | | फ्लेट 02 (1 बीएचके) प्रथम तल | 01 | - | 516.91 | 14.58 | 0.50 |
| 30 | | फ्लेट 10 व 11 (1 बीएचके) तृतीय तल | 02 | - | 516.91 | 13.63 | 0.50 |
| 31. | अटल विहार योजना सिवनी, जिला-बालोद | एल.आई.जी.-II | 01 | 2517.84 | 1127.10 | 31.44 | 3.15 |
| 32. | | सिनी. एम.आई.जी.-II | 02 | 2041.71 | 966.50 | 26.09 | 2.61 |
| 33. | | ई.डब्ल्यू.एस. | 01 | 435.78 | 312.04 | 5.00 | 0.25 |

**प्रक्षेत्र-जगदलपुर में ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आधार पर जहां है जैसा है स्थिति में विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवन के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34. | पंडरीपानी, जगदलपुर | एच.आई.जी. स्वतंत्र भवन | 19 | 2603.00 | 2080.87 | 72.00 | 7.20 |
| 35. | | सिनी. एम.आई.जी. स्वतंत्र भवन | 12 | 2042.00 | 1537.49 | 52.31 | 5.23 |
| 36. | | एच.आई.जी. (3 बीएचके) फ्लेट | 24 | - | 1288.08 | 34.39 | 3.44 |
| 37. | | एम.आई.जी. (2 बीएचके) फ्लेट | 24 | - | 949.57 | 24.45 | 2.45 |
| 38. | | एल.आई.जी. (2 बीएचके) फ्लेट | 24 | - | 656.36 | 16.36 | 0.50 |
| 39. | | ई.डब्ल्यू.एस. (1 बीएचके) फ्लेट | 24 | - | 386.07 | 6.94 | 0.25 |
| 40. | अटल विहार योजना, बोकावाड़ा | एच.आई.जी. | 03 | 2517.84 | 1239.01 | 46.40 | 4.64 |
| 41. | | सिनी. एम.आई.जी. | 01 | 2041.71 | 1076.25 | 36.83 | 3.68 |
| 42. | लालबाग हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी हाटकचोरा | एल.आई.जी. फ्लेट पंचम तल | 13 | - | 665.00 | 22.92 | 0.50 |
| 43. | | ई.डब्ल्यू.एस. फ्लेट द्वितीय तल | 01 | - | 349.00 | 7.37 | 0.25 |

**प्रक्षेत्र-दंतेवाड़ा में ऑनलाईन के माध्यम से स्ववित्तीय ऑफर आधार पर विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवन के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44. | सामान्य आवास योजना गीदम | एल.आई.जी. - 01 | 32 | 575.87 | 899.75 | 14.07 | 0.50 |
| 45. | | एल.आई.जी. - 02 | 26 | 455.04 | 899.75 | 11.34 | 0.50 |
| 46. | | ई.डब्ल्यू.एस. - 01 | 20 | 404.57 | 564.14 | 9.39 | 0.25 |
| 47. | | ई.डब्ल्यू.एस. - 02 | 19 | 314.83 | 564.14 | 6.51 | 0.25 |

नियम एवं शर्तें -1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी., द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. क्रमांक 1 एवं 2, 4 से 6 के भवनों का आवंटन ऑनलाईन ऑफर आधार पर किया जावेगा। ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त कर उसी दिन खोले जाएंगे। अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोले जाएंगे। ऑफर स्वीकृति पश्चात् निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी। 3. क्रमांक 3, 7 से 43 के भवनों का आवंटन ऑनलाईन ऑफर आधार पर जहां है जैसा है स्थिति में किया जावेगा। ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त कर उसी दिन खोले जाएंगे। अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोले जाएंगे। ऑफर स्वीकृति पश्चात् निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी। 4. क्रमांक 44 से 47 के भवनों का आवंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से प्रत्येक 15 दिवस में ऑफर प्राप्त कर खोले जाएंगे। अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोले जाएंगे। ऑफर स्वीकृति पश्चात् निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी। 5. वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन ऑफर आवेदन दिनांक 30 सितम्बर 2024 तक किया जा सकता है। 6. अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 7. अधिक जानकारी हेतु संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र - धमतरी/जगदलपुर/नवा रायपुर अटल नगर/कवर्धा/दंतेवाड़ा/सूचना केन्द्र छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर तथा शंकर नगर से सम्पर्क करें या वीजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

सम्पर्क - प्रक्षेत्र -कवर्धा - 9584892449, 9424284256,7000042369 राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र - नवा रायपुर अटल नगर - 0771-4016094, 8770385421, 9926752769, 9644010193 प्रक्षेत्र - धमतरी - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9691365751, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853 प्रक्षेत्र - जगदलपुर - 9424209020, 7000628523, 9993338774 प्रक्षेत्र - दंतेवाड़ा - 9424209020, 7800030388, 9826391128 प्रक्षेत्र - 2 शंकर नगर रायपुर - 0771-2436320, 9340389792, 9827158516, 6265783l603, 7898710154, 9340792360, 7693393l724, 9399349550

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

टोल फ्री नं. 1800 121 6313

अगर आप खाली बैठे हों तो समय का सबसे सही सदुपयोग यही है कि आप अपना सामान्य ज्ञान छोटे-छोटे क्विज़ के ज़रिये बढ़ा लें। इससे टाइमपास भी होगा और आपकी जानकारी भी बढ़ेगी। इस काम में हम भी आपकी मदद कर देते हैं और आपको बताते हैं अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई के बारे में...

# क्या है भारत की राष्ट्रीय मिठाई? नाश्ते में खूब खाई होगी, पर शायद ही याद आए!

**नई दिल्ली।** इस तरह के सवाल इंटरनेट पर भी लोगों को चौंका देते हैं। दरअसल, हम ऐसी छोटी-छोटी चीज़ें याद नहीं रख पाते हैं, जब तक कि कोई सामने से पूछ न ले। मज़े की बात तो ये है कि उस वक्त हमारी उंगलियां सीधा गूगल सर्च पर चली जाती हैं, क्योंकि जवाब तो हमें खुद नहीं पता होता। क्विज़ बहुत ही कम समय में उपयोगी प्रश्नों को याद करने का एक प्रभावी तरीका है। इसमें दुनिया भर में फैले ज्ञान को हम झटके में याद कर लेते हैं। फिर ये कहीं न कहीं तो हमारे काम आता ही है, चाहे किसी परीक्षा में या फिर आपस में बात चीत के दौरान।

## आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है, तो सोचना पड़ जाता है

आपको मिठाइयां तो पसंद ही होंगी। खासतौर पर अपने देश में कोई भी तीज-त्यौहार हो, मिठाइयों की मानो झड़ी सी लग जाती है। इतनी स्वादिष्ट और इतनी सारी मिठाइयां होती हैं कि अगर कोई पूछे कि आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है, तो सोचना पड़ जाता है। क्या आपने कभी ये सोचा है कि शानदार मिठाइयों वाले देश में भला राष्ट्रीय मिठाई कौन सी है? भले ही आपको यकीन न हो, लेकिन आपने सोचा होगा कि काफी चर्चा में रहने वाला रसगुल्ला अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई है। वो बात अलग है कि आप गलत हैं।



## अक्सर नाश्ते की प्लेट में ये चली आती है

कई लोग तो ये भी सोच सकते हैं कि क्या सच में कोई राष्ट्रीय मिठाई है भी या नहीं? जहां राष्ट्रीय पशुओं, राष्ट्रीय फूलों या फलों जैसी राष्ट्रीय मिठाइयों की चर्चा नहीं की जाती। भारत की राष्ट्रीय मिठाई फीकी तो हो ही नहीं सकती। मज़े की बात तो ये भी है कि आप इसे खूब खाते हैं। अक्सर नाश्ते की प्लेट में ये चली आती है। बनाने में भी ये बिल्कुल आसान है, लेकिन याद आपको इतनी आसानी से नहीं आएगी। चलिए कोई बात नहीं, हम ही बता देते हैं। अपने देश की राष्ट्रीय मिठाई वही मानी जाती है, जिसे आप सुबह-सुबह कभी कचौड़ी तो कभी समोसे के साथ खाना पसंद करते हैं- मीठी-मीठी और करारी जलेबी।



## कई प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में उल्लेख

बहुत से लोग सोचते हैं कि जलेबी या जिलिपि एक भारतीय मिठाई है लेकिन इसे एक ईरानी मिठाई माना जाता है। हालांकि, आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि जिलापी का उल्लेख कई प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में मिलता है। वहां इसे बिल्कुल जलेबी की तरह तो नहीं बताया गया है, ऐसे में इसे भारतीय नहीं कहा जा सकता। जिलापी या जलेबी जैसी मिठाइयों का उल्लेख 'कुंडलिका' या फिर 'जलवल्लिका' के तौर पर होता है। ये काफी कुछ जलेबी की तरह ही है, ऐसे में पता चलता है कि भारतीय लोगों का जलेबी के प्रति प्रेम सदियों पुराना रहा है, वो बात अलग है कि तब कॉपीराइट करने जैसी कोई प्रक्रिया नहीं थी। ऐसे में जलेबी ठेठ भारतीय नहीं हो पाई।

# यस बैंक में करोड़ों का लेनदेन, सरकार ने कहा-अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



यस बैंक सुपेला शाखा भिलाई में करोड़ों रुपए का लेनदेन के मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र पेश कर दिया है। इसमें कहा गया है कि जिस अनिमेष सिंह के खाते से लेनदेन हुआ है उसके बारे में बैंक की ओर से कोई जानकारी नहीं देते हुए सहयोग नहीं किया जा रहा है। महाधिवक्ता ने यस बैंक और उसके अधिकारियों को भी मामले का एक पक्षकार बनाए जाने की मांग की है। इस मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्राइवेट बैंक का अधिकारी राज्य शासन और पुलिस के अधिकारियों को सहयोग नहीं कर रहा हो और न्यायालय में आकर इस प्रकार का कथन किया जाना सरकार की इस मामले में स्थिति को प्रदर्शित करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यस बैंक को भी इस मामले में तुरंत पक्षकार बनाकर उन्हें नोटिस जारी किया जाए। सतीश त्रिपाठी ने बताया कि यस बैंक को नोटिस जारी कर दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त 2024 को तय की गई है।

## आयकर विभाग भी कर रहा जांच

बता दें कि यस बैंक की इस शाखा से सन 2016 से सन 2020 तक संदिग्ध रूप से करोड़ों रुपए का लेन-देन होने के मामले में राज्य सरकार व आयकर विभाग द्वारा जांच नहीं करने को लेकर प्रभुनाथ मिश्रा ने अपने अधिवक्ता बीपी सिंह के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पूर्व की सुनवाई में आयकर विभाग ने बताया था कि मामले की जांच के लिए 20 से अधिक बार अलग-अलग लोगों से बयान दर्ज किए गए हैं।







बोरा बोरा आइलैंड प्रशांत महासागर के दूसरे खूबसूरत द्वीपों से काफी अलग ही माना जाता है। यहां जाने वाले लोग यहां के सुंदर बीचों को किसी जन्नत के नजारों से भरपूर मानते हैं। यहां के नजारे देख कर ऐसा लगता है कि आप बहुत ही साफ तस्वीरें देख रहे हैं। इस द्वीप को हनीमून के लिए आदर्श डेस्टिनेशन माना जाता है।



# सुंदर तस्वीरों से बना लगता है ये आइलैंड, सैलानियों के लिए जन्नत

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

बोरा बोरा उन लोगों के लिए एक द्वीप जन्नत के रूप में जाना जाता है जो यहां आते हैं और इसके बारे में जानते हैं। यह नरम सफेद रेत वाले समुद्र तटों, क्रिस्टल साफ पानी, नीलम नीले आसमान और एकांत का आनंद लेने के लिए एक पर्यटक स्वर्ग है। लोग इसे हनीमून के लिए आदर्श टूरिस्ट डेस्टिनेशन मानते हैं। कम आबादी वाला यह द्वीप कुछ ऐसी खूबियां लिए हुए जो इसे खास बना देता है।



## नरम सफ़ेद रेत और शांत पानी है इसकी खासियत

बोरा बोरा दुनिया के सबसे अच्छे समुद्र तटों में से एक माना जाता है। नरम सफ़ेद रेत और शांत पानी इसकी सबसे बड़ी खासियत है। इसे एक ऐसे समुद्र तट के रूप में वर्णित किया जाता है जहां आदर्श बीच देखने को मिलते हैं।

## तीन गांवों से बना है यह द्वीप

अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच में दक्षिणी प्रशांत महासागर के बीच 118 द्वीपों के समूह को थाहिटी कहा जाता है। ये मुख्य रूप से पांच समूह के द्वीप हैं। इन्हीं में से एक बोरा बोरा द्वीप है। हैरानी की बात यह है कि यह द्वीप हजारों किलोमीटर दूर यूरोपीय देश फ्रांस का हिस्सा है। वहीं, इसके सबसे पास का देश न्यूजीलैंड है।

## सांप और कीट-पतंगों से है मुक्त

अगर आप को समुद्र या किसी भी पानी जैसी जगह का नाम सुनते ही कीड़े मकोड़ों की याद आती है। आपको यह जरूर जानना चाहिए कि पूरा फ्रेंच पोलिनेशिया जहरीला सांप और कीट-पतंगों से मुक्त है, जिसमें बोरा बोरा भी शामिल है। आप बग रिपेलेंट के बिना सचमुच टहलने जा सकते हैं, समुद्र तट पर झपकी ले सकते हैं और कीड़ों या किसी भी जीव-जंतु के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।

## हनीमून के लिए बेहद लोकप्रिय जगह

अगर आप बोरा बोरा के बारे में जरा भी जानते होंगे को यह जरूर जानते होंगे कि यह अपनी अद्भुत सुंदरता और एकांत के कारण, यह जोड़ों और हनीमून मनाने वालों के लिए बेहद लोकप्रिय जगह है। इतना ही नहीं, बोरा बोरा से सिर्फ़ 19 किमी उत्तर में, हेलीकॉप्टर या नाव से, आप तुपाई (जिसे मोटू इति भी कहा जाता है) की सवारी कर सकते हैं, जो एक कोरल रीफ़ संरचना है जो दिल की तरह दिखती है! प्रकृति का यह जादुई टुकड़ा 11 किमी क्षेत्र में फैला हुआ है और पूरी तरह से खूबसूरत है!

# तेज रफ्तार वाहन पेड़ से टकराया, 20 गंभीर

**छुईहा बेलर (हरिभूमि न्यूज)।** घटारानी घूमने आया सैलानियों का दल दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शाम 5 बजे की बताई जा रही है। सैलानी घटारानी से महज 3 किलोमीटर दूर घटारानी जंगल क्षेत्र की रोड में आये थे कि छोटा हाथी अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई फिर जंगल की झाड़ी से टकरा कर पलट गई। इस घटना में 20 लोग को गंभीर चोट आई है। पुलिस थाना फिगेंश्वर टीआई फैजूल होदा को घटना की जानकारी दी। उन्होंने तुरन्त पेट्रोलिंग गाड़ी में चिंता राम देशमुख के साथ पुलिस बल भेजा। वहीं इससे पहले घटारानी समिति से चन्द्रहास खेमन ध्रव, टेमन देवांगन, रामकुमार यादव पहले पहुंचकर संजीवनी 108 को फोन किया। घटना स्थल घटारानी पहुंचे। घायलों में गंभीर घायल कुछ लोगों से बातचीत करने पर आपना नाम टोमन वर्मा, मनीष साहू, ओमप्रकाश ढीमर, होरीलाल धीवर, सोनू वर्मा, जितेन धीवर, भोज ध्रव, कोमल धीरव, पुनित धीवर, अजय साहू ग्राम चंदखूरी विकास खण्ड आरंग बताया। उन सबके हाथ, कमर, पैर, सिर, चेहरा में चोट आई है। उनके साथ आये लौगों ने बताया कि दो छोटा हाथी में मंगलवार को 4 बजे घटारानी घूमने आये थे। वहां से 5 बजे वापसी को अपने घर चंदखूरी को निकले थे। 3 किलोमीटर चली थी की एक गाड़ी में पुरूष और कुछ बालक बैठे थे।



■ घटारानी का दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे श्रद्धालु

# जो व्यक्ति मर चुका है उस पर भी लागू होगा मानवीय गरिमा का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

भारत के संविधान की अनुच्छेद 21 में व्यक्ति को सभ्य होने का अधिकार है। इस अधिकार का मतलब मानवीय गरिमा के साथ जीवन है और यह अधिकार उस व्यक्ति पर भी लागू होता है, जो मर चुका है। यह व्यक्ति के मृत्यु तक लागू रहता है। मृतक को अपने जन्म भूमि में दफन होने का अधिकार है। बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र के एर्राकोट में बुजुर्ग की मौत के तीन दिन बाद भी दो बेटों के होते हुए अंतिम संस्कार के लिए सहमति नहीं बन सकी थी। इसी मामले में हाईकोर्ट में जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए छोटे पुत्र याचिकाकर्ता रामलाल को ईसाई रीति से अपनी मां का अंतिम संस्कार गांव की अपनी निजी भूमि में करने की अनुमति दी है। याचिका के मुताबिक एर्राकोट निवासी पाण्डो कश्यप पति सुकड़ो कश्यप (70) की 28 जून की रात बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

■ हाईकोर्ट ने सुरक्षा के बीच ईसाई धर्म मानने वाले बेटे को माँ के अंतिम संस्कार की अनुमति दी

# पहले ब्लेड से अपना गला रेता, फिर छत से लगा दी छलांग, युवक की मौत

**कोरबा।** एक 30 वर्षीय युवक ने पहले अपने गले को ब्लेड से रेत लिया फिर नगर निगम के तीन मंजिला काम्पलेक्स से छलांग लगा दी।

घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई इसकी सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई। सूचना पाते ही एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां कुछ घंटे के इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। युवक ने यह कदम किसलिए उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम पर जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खपराभट्ठा भट्टा निवासी खिलेश्वर पात्रे नामक युवक मंगलवार की सुबह लगभग 11:30 बजे घंटाघर स्थित नगर निगम के तीन मंजिला काम्पलेक्स की छत में चढ़ा पहले उसने ब्लेड से अपने गले को रेत लिया फिर कुछ ही देर बाद ऊपर छत से नीचे छलांग लगा दी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com